# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 104 | गौतमबुद्धनगर, गुरुवार 14 मार्च 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रुपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236




P- 3

यमुना प्राधिकरण में पेश किया गया 9992 करोड़



P- 4

फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 19 मार्च को मौलाना तौकीर को गिरफ्तार कर पेश



P- 5

5 दिवसीय यात्रा पर भारत आएंगे भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे, पीएम



P- 6

ऋषभ आने वाले समय में देश को गौरव बढ़ाएगा : धवन



## हैप्पी मॉर्निंग

जीजा- इतनी देर से तुम क्या सोच रही हो? साली- जानते हैं कल रात की आंधी में एक टी शर्ट मेरे घर आकर गिर गई। जीजा- तो इसमें क्या हुआ?
साली- सोच रही हूं कि मैचिंग पैंट ले लूं या
फिर एक और आंधी का इंतजार करूं।



## शायरी

कैसे रोका जायेगा इन बढ़ते बलात्कारों को
यह सोचना होगा सत्ता में बैठी सरकारों को

## अर्थसार



संसेक्स:
72,761.89
-906.07 (1.23%)
निफ्टी:
21,997.70
-338.00

## मौसम



अधिकतम : 29 डिग्री से0
न्यूनतम : 15 डिग्री से0
सूर्योदय शुक्रवार : 6 : 41
सूर्यास्त गुरुवार : 6 : 30

# 2019 से 2024 तक 22,217 इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे गए

## एसबीआई का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा- पार्टियों ने 22,030 बॉन्ड का पैसा कैश कराया

नई दिल्ली। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के चेयरमैन दिनेश कुमार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट फाइल की।

इसमें बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट के 11 मार्च के निर्देश के मुताबिक इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ी उपलब्ध जानकारी चुनाव आयोग को दे दी गई है।

एसबीआई चेयरमैन ने कहा- हमने ईसीआई को पेन ड्राइव में दो फाइलें दी हैं। एक फाइल में बॉन्ड खरीदने वालों की डिटेल्स हैं। इसमें बॉन्ड खरीदने की तारीख और रकम का जिक्र है।

दूसरी फाइल में बॉन्ड इनकैश करने वाले राजनीतिक दलों की जानकारी है। लिफाफे में 2 पीडीएफ फाइल भी हैं। ये पीडीएफ फाइल पेन ड्राइव में भी रखी गई हैं, इन्हें खोलने के लिए जो पासवर्ड है, वो भी लिफाफे में दिया गया है। एसबीआई के हलफनामे के अनुसार, एक अप्रैल 2019 से 15 फरवरी 2024 तक 22 हजार 217 इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे गए। इनमें से 22,030 बॉन्ड का पैसा राजनीतिक पार्टियों ने कैश करा लिया है। पार्टियों ने 15 दिन की वैलिडिटी के भीतर 187 बॉन्ड को कैश नहीं किया, उसकी रकम प्रधानमंत्री राहत कोष में ट्रांसफर कर दी गई।



### 11 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने बॉन्ड की जानकारी देने को कहा था

इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी देने से जुड़े केस में एसबीआई की याचिका पर 11 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने करीब 40 मिनट सुनवाई की थी। एसबीआई ने कोर्ट से कहा था। - बॉन्ड से जुड़ी जानकारी देने में हमें कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन इसके लिए कुछ समय चाहिए। इस पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने पूछा- पिछली सुनवाई (15 फरवरी) से अब तक 26 दिनों में आपने क्या किया? सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की संविधान पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा- एसबीआई 12 मार्च तक सारी जानकारी का खुलासा करे।

# बेंगलुरु ब्लास्ट का संदिग्ध 12 दिन बाद हिरासत में



## एनआईए ने कहा- यह हमले के उस व्यक्ति की तरह दिखता है, जो कैफे में बम रखकर गया था

नई दिल्ली। बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे बम ब्लास्ट मामले में एनआईए ने बुधवार को एक संदिग्ध को बेल्लारी से अरेस्ट किया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी का कहना है कि यह कुछ-कुछ हमले के उस व्यक्ति की तरह दिखता है, जिसका फोटो धमाके के बाद वायरल हुआ था। दरअसल, 1 मार्च को रामेश्वरम कैफे बम ब्लास्ट हुआ था। उसके कुछ घंटे बाद एनआईए को जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज से पता चला था कि कैप पहने एक युवक कैफे में बैग रखकर चला गया था। उसी बैग में ब्लास्ट हुआ था। उसने चेहरे पर मास्क लगाया था, इसलिए उसका साफ चेहरा नहीं दिख पाया। एनआईए ने सीसीटीवी की फुटेज भी रिलीज की थी। एनआईए ने स्टेटमेंट में कहा, ये संदिग्ध कुछ-कुछ हमले के मुख्य आरोपी की तरह दिखता है। हालांकि, यह वही आरोपी है या नहीं, अभी कहा नहीं जा सकता है।

### आरोपी ने कैफे में इडली ली थी, पेमेंट किया और डस्टबिन के पास रखा बैग

मामले की जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में दिखा था कि मास्क लगाए हुए एक व्यक्ति कैफे के पास बस से उतरता है और 11: 30 बजे कैफे में दाखिल होता है। आरोपी की उम्र 25 से 30 साल के बीच है। वह एक बैग लेकर आया था।

कैफे में उसने इडली ऑर्डर की, काउंटर पर पेमेंट करके टोकन लिया। इसके बाद 11: 45 बजे बैग को डस्टबिन के पास रखकर चला गया। एक घंटे बाद इसी बैग में टाइमर के जरिए धमाका हुआ था जिसमें 10 लोग घायल हुए थे।

नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में ब्लास्ट के आरोपी की जानकारी देने वाले को 10 लाख रुपए का इनाम देने का ऐलान 6 मार्च को किया था। एजेंसी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहा था कि जो भी व्यक्ति ऐसी कोई जानकारी देगा, जिसकी मदद से आरोपी गिरफ्तार हो सके, वह इनाम का हकदार होगा।

# बेंगलुरू में लगातार बढ़ रहा पानी का संकट

## कर्नाटक सरकार ने स्वीमिंग पूल में पानी के इस्तेमाल पर लगाया प्रतिबंध

बेंगलुरु (कर्नाटक)। शहर में जल संकट के बीच, बैंगलोर जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) ने स्विमिंग पूल में पीने के पानी के उपयोग पर रोक लगा दी है।

मंगलवार को आदेश दिया कि स्विमिंग पूल में पीने के पानी, जिसे पोर्टेबल पानी भी कहा जाता है, के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया जाए। बोर्ड ने कहा है कि आदेश का उल्लंघन करने पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगेगा। इस बीच, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि पार्टी बेंगलुरु में पानी की कमी पर राजनीति कर रही है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा कल राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की योजना बना रही है, उन्हें जो करना है करने दें, पहले उन्हें केंद्र सरकार से संपर्क करने दें और महादयी और मेकेदातु परियोजनाओं की अनुमति देने के लिए कहें। डिप्टी सीएम ने कहा, बेंगलुरु में पानी की ऐसी कोई कमी नहीं है, यह भाजपा है जिसने पानी की कमी पैदा की है, वे क्या कर रहे हैं, हम तमिलनाडु को कानूनी रूप से जो मांगा गया है वह प्रदान कर रहे हैं।

# भागलपुर में 2 भाई समेत 4 बच्चों की डूबकर मौत

## नदी में पहले तीन ने लगाई छलांग, तीनों को डूबता देख चौथा भी पानी में कूदा

भागलपुर। भागलपुर में नदी में नहाने के दौरान चार बच्चों की मौत हो गई। इनमें दो सगे भाई हैं। वहीं एक दोस्त है, जबकि चौथा दोनों सगे भाई का मामा है, लेकिन उम्र में छोटा है। सभी दीननगर नदी में नहाने गए थें। पहले तीन बच्चों ने एक साथ नदी में छलांग लगाई। गहराई की वजह से तीनों डूबने लगे। इन्हें बचाने के लिए चौथे ने भी



छलांग लगा दी, पर वो तीनों को नहीं बचा सका, उल्टा खुद भी डूबने लगा। घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र के पुरैनी की है।

मृतकों की पहचान दिननगर निवासी मोहम्मद शाहनवाज (12), इसका भाई मोहम्मद अरबाज (8), इन दोनों का मामा मोहम्मद ढिल्लों (8) के रूप में हुई है। इसके अलावा शाहनवाज का दोस्त 14 वर्षीय मोहम्मद सैफ है।

घटना के बाद लोगों ने बच्चों को बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन तब तक तीन की मौत हो गई थी। चौथे बच्चे को नदी से जिंदा निकाला गया, लेकिन पानी से बाहर आते ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद जगदीशपुर पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को अपने कब्जे में ले लिया। परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

# देश में 24 घंटे में दूध-खाना न लेने वाले बच्चे 67 लाख

नई दिल्ली। अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन की जर्नल जामा नेटवर्क ओपन में 12 फरवरी को एक रिसर्च पब्लिश हुई थी। इसमें भारत के 6 से 23 महीने के बच्चों की स्टडी की गई थी। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारत में 67 लाख (19.3 प्रतिशत) बच्चे जीरो-फूड कैटेगरी में आते हैं। इसका मतलब देश में 67 लाख ऐसे बच्चे हैं, जिन्होंने 24 घंटे में न तो दूध पिया या न ही खाना खाया। इस स्टडी में दावा किया गया है कि दुनिया के 92 लो और मिडिल इनकम वाले देशों की लिस्ट में भारत तीसरे नंबर पर है, जहां इतने बच्चे जीरो-फूड चिल्ड्रन की कैटेगरी में हैं। इसमें भारत से आगे गिनी (21.8 प्रतिशत) और माली



(20.5 प्रतिशत) आते हैं, जहां हालत भारत से भी ज्यादा खराब है। केंद्रीय बाल विकास मंत्रालय ने इस स्टडी को बेबुनियाद बताया।

मिनिस्ट्री की ओर से 12 मार्च को कहा गया कि इसमें प्राइमरी रिसर्च नहीं की गई है। इसे सनसनीखेज बनाई गई है। यह स्टडी फेक न्यूज फैलाने के लिए की गई है। इसमें किए गए दावे भ्रम फैला रहे हैं।

## सड़क हादसा

### सभी चेनारी थाना क्षेत्र के गुप्ता धाम मंदिर जा रहे थे

# पिकअप पलटने से चार महिला श्रद्धालुओं की मौत, 26 घायल

सासाराम/पटना 13 मार्च (वार्ता) बिहार के रोहतास जिले में चेनारी थाना के उगहनी आउट पोस्ट (ओपी) क्षेत्र में विश्वप्रसिद्ध गुप्तेश्वर धाम जाने के क्रम में गायघाट के पास आज एक पिकअप वैन के पलट जाने से चार महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई तथा 26 अन्य घायल हो गए।

सासाराम सदर अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष रंजन ने बुधवार को बताया कि भोजपुर, बक्सर और उत्तर प्रदेश के बलिया की महिला, वृद्ध और बच्चे समेत 30 श्रद्धालु एक पिकअप गाड़ी पर सवार होकर गुप्तेश्वर धाम मंदिर पूजा करने जा रहे थे। पहाड़ी पर गुफा के अंदर अवस्थित इस शिव मंदिर में



जाने के दौरान गायघाट के पास तीखे मोड़ पर ऊंचाई से वाहन फिसल गया और पलट गया। इस दुर्घटना में चार महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 26 अन्य घायल हो गए।

रंजन ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई। घायलों को चेनारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान बक्सर जिले की रहने वाली मेरा देवी (50) और तेतरा देवी, भोजपुर ज़िला निवासी परमेश्वरी देवी (60) और चन्द्रवाती देवी (65) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

ग़ौरतलब है कि गुप्ता धाम के नाम से विख्यात गुप्तेश्वर धाम तक जाने का रास्ता अत्यंत दुर्गम होने के कारण यहां हमेशा दुर्घटनाएं होती रहती हैं। पिछले वर्ष 17 फरवरी को भी गुप्ता धाम जाने के दौरान 26 श्रद्धालुओं से भरा पिकअप वैन दुर्गावती जलाशय में गिर गया था, जिसमें तीन लोगों की मौत जबकि अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

स्थानीय लोगों की हमेशा से मांग रही है कि या तो गुप्ता धाम तक जाने वाली सड़क बनाई जाए, यातायात सुरक्षा बढ़ाई जाए या मंदिर तक जाने के लिए वाहनों के प्रवेश को पूरी तरह से बंद कर दिया जाए। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी रंजन से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र पूरी तरह से कैमूर वन क्षेत्र के अधीन आता है और यहां के प्रशासन की ज़िम्मेवारी वन प्रमंडल पदाधिकारी (डीएफओ) की है।

## विरोध प्रदर्शन




नई दिल्ली में केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 के कार्यान्वयन के लिए नियमों को अधिसूचित करने के बाद विरोध प्रदर्शन के दौरान स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के सदस्य।

# पेटीएम फास्टैग को 15 मार्च से पहले बदलना जरूरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने पेटीएम फास्टैग उपयोग करने वालों को सलाह दी है कि सुगम यात्रा और टोल प्लाजा पर होने वाली असुविधा से बचने के लिये वह 15 मार्च पहले दूसरे बैंक द्वारा जारी फास्टैग खरीद लें। प्राधिकरण ने कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर लगाये गये प्रतिबंधों के तहत जारी दिशानिर्देशों के अनुसार पेटीएम फास्टैग का




इस्तेमाल करने वाले लोग 15 मार्च के बाद न तो रिचार्ज करा पायेंगे और न ही उसमें अतिरिक्त राशि जोड़ पायेंगे। वह फास्टैग में जमा मौजूदा राशि का इस्तेमाल निर्धारित तिथि के बाद भी कर पायेंगे। पेटीएम फास्टैग से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी अथवा सहायता के लिये लोग बैंकों से जानकारी ले सकते हैं या फिर राष्ट्रीय राजमार्ग की वेबसाइट पर उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों को देख सकते हैं। प्राधिकरण ने सभी पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ताओं से देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिये तत्परता के साथ कदम उठाने का आग्रह किया है।




# अश्लील सामग्री और बच्चे

बच्चों के मानसिक और भावनात्मक विकास में अश्लील सामग्री का प्रभाव अधिकता से नकारात्मक होता है। यह विकृतियों और अपराधों को उत्पन्न कर सकता है, जो बच्चों के भविष्य को प्रभावित कर सकते हैं।

## अश्लील सामग्री का परिचय


अश्लील सामग्री के तहत वह सभी वस्तुएं आती हैं जो अश्लीलता, वास्तविक या काल्पनिक रूप से, को प्रस्तुत करती हैं। यह फिल्में, वेबसाइट, गेम्स, और सोशल मीडिया समेत अन्य कई रूपों में हो सकती है।

## अश्लीलता और मानसिक विकृति

मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव: अश्लील सामग्री का अधिक से अधिक संपर्क मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। यह विकृतियों जैसे कि अत्यधिक उत्साह या डिप्रेशन को बढ़ा सकता है।
समाजिक बुराइयों का प्रोत्साहन: अश्लील सामग्री नकारात्मक समाजिक बुराइयों को प्रोत्साहित कर सकती है, जैसे कि बलात्कार या यौन उत्पीड़न।
यौनी भ्रांतियों का उत्पन्न होना: अश्लील सामग्री बच्चों को यौनी भ्रांतियों की दिशा में धकेल सकती है, जो उनके संबंधों और स्वाभाविक विकास को प्रभावित कर सकता है।

## अपराध और अश्लील सामग्री

यौन उत्पीड़न और बाल अभिभावकों के भयावह बाल अपहरण: अश्लील सामग्री का संपर्क अपराधों जैसे कि यौन उत्पीड़न और बाल अपहरण के रिस्क को बढ़ा सकता है।
अवैध सेक्स ट्रेडिंग: अश्लील सामग्री का उपयोग अवैध सेक्स ट्रेडिंग की राह में बाधा डाल सकता है, जिससे बच्चे खतरे में पड़ सकते हैं।
शिक्षा: शिक्षा के माध्यम से, बच्चों को सही और गलत के बीच अंतर को समझाया जा सकता है।
सामाजिक संज्ञान: सामाजिक संज्ञान कार्यक्रमों के माध्यम से, बच्चों को अश्लील सामग्री के प्रभाव के बारे में जागरूक किया जा सकता है।
परिवारिक समर्थन: परिवारिक समर्थन के माध्यम से, बच्चों को सामाजिक मूल्यों और यौनिकता के माध्यम से सही मार्गदर्शन दिया जा सकता है।
तकनीकी संरक्षण: तकनीकी साधनों का उपयोग करके, बच्चों को अश्लील सामग्री के प्रभाव से बचाया जा सकता है। अश्लील सामग्री के उपयोग से बच्चों को मानसिक विकृति और अपराध की ओर खींचा जा सकता है। इसलिए, समाज को इस मुद्दे पर गंभीरता से लेना चाहिए और बच्चों को सही मार्गदर्शन और समर्थन प्रदान करना चाहिए। यह लेख अश्लीलता के खिलाफ आवाज उठाने का प्रयास करता है और बच्चों के भविष्य की सुरक्षा के लिए जागरूकता फैलाने की दिशा में है। इसे साझा करने से हम समाज में जागरूकता और संज्ञान बढ़ा सकते हैं।




# उत्तर प्रदेश : क़ानून व्यवस्था के दावे और हक़ीक़त



निर्मल रानी

उत्तर प्रदेश, देश का सबसे बड़ा ही नहीं बल्कि राजनैतिक दृष्टि से भी यह सबसे महत्वपूर्ण राज्य है। यह राज्य केवल हाई प्रोफ़ाइल राजनीतिज्ञों, साहित्यकारों, कवियों, शायरों का ही नहीं बल्कि हाई प्रोफ़ाइल अपराध व अपराधियों का भी गढ़ है।

यहाँ के बेख़ौफ़ अपराधियों के लिये कभी भी और किसी भी जगह बड़े से बड़े अपराध को अंजाम देना मामूली बात है।

फिर चाहे कोई व्यक्ति थाने में हो, पुलिस कस्टडी में या जेल में या भीड़ भाड़ के इलाक़े में या अपने को सुरक्षित समझते हुये अपने घर में चैन से सो रहा हो, किसी भी जगह हत्या को अंजाम देना ऐसे शातिर अपराधियों के लिये मामूली बात है।

उत्तर प्रदेश में क़ानून व्यवस्था का विषय अक्सर चुनावी मुद्दा भी बनता रहता है। प्रत्येक राजनैतिक दल एक दूसरे पर क़ानून व्यवस्था के मामले में असफल होने और अपराध को बढ़ावा देने का आरोप लगाते रहते हैं। राज्य की वर्तमान सरकार तो प्रदेश की क़ानून व्यवस्था को दुरुस्त करने का कुछ ज़्यादा ही ढिंढोरा पीटती रहती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश को अपराधमुक्त बनाने का जहाँ दावा करते रहते हैं वहीँ वह यह बताने से भी नहीं चूकते कि पिछली (सपा) सरकार में माफ़िया व अपराधी बेख़ौफ़ घूमा करते थे। 17 सितम्बर 2023 को उनके गृह नगर गोरखपुर में दिया गया योगी के भाषण का यह अंश क़ानून व्यवस्था के प्रति उनके नज़रिये को दर्शाता है या यह सिर्फ़ तालियां पिटवाने के लिये की गयी लफ़्फ़ाज़ी थी, यह तो राज्य की आपराधिक घटनाएं ही बता रही हैं।

उस समय मुख्यमंत्री योगी ने कहा था कि -क़ानून संरक्षण के लिए है। लेकिन क़ानून को बंधक बनाकर व्यवस्था में सेंध लगाने का प्रयास करने की इजाज़त किसी को नहीं है। क़ानून सुरक्षा के लिए है, लेकिन यदि किसी ने बहन-बेटी के साथ छेड़ख़ानी की तो अगले चौराहे पर उस शोहदे का इंतज़ार यमराज कर रहे होंगे। उसे यमराज के यहां भेजने से कोई रोक नहीं पाएगा। हमें सुरक्षा के बेहतरीन वातावरण देना होगा।

तो क्या मुख्यमंत्री की इस चेतावनी के बाद राज्य की क़ानून व्यवस्था ख़ासकर महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों में कोई कमी आई या फिर यह भी महज़ फ़िल्मी डायलॉग या फिर जुमला साबित हुआ ?

राज्य की बिगड़ती क़ानून व्यवस्था स्वयं इस बात का सुबूत है। आम महिलाओं के साथ होने वाली बलात्कार व शारीरिक शोषण की अनेक घटनाओं की तो बात ही छोड़िये इस राज्य में तो अब हाई प्रोफ़ाइल महिला नेता भी सुरक्षित नहीं रहीं।

यहाँ तक कि सत्ता से जुड़े लोगों को भी अपराधी बेख़ौफ़ अपना निशाना बना रहे हैं। ताज़ातरीन उदाहरण उत्तर प्रदेश में भाजपा के सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) की वरिष्ठ महिला नेत्री नंदिनी राजभर की हत्या का है। नंदिनी राजभर सुभासपा की महिला विंग की प्रदेश महासचिव थीं।

पिछले दिनों कबीर नगर में ख़लीलाबाद के डीघा गांव में अज्ञात लोगों द्वारा उनके साथ उन्हीं के घर में घुस कर कथित तौर पर पहले सामूहिक बलात्कार किया गया और बाद में उनके शरीर को चाकुओं के वार से छन्नी कर दिया गया। जिसके चलते मौक़े पर ही उनकी मौत हो गयी और हत्यारे घटना को अंजाम देकर फ़रार हो गये।

नंदिनी राजभर का लहूलुहान शव उनके कमरे में फ़र्श पर पड़ा मिला। क्या इस हत्याकांड को अंजाम देने वालों को इस बात का ज़रा भी भय नहीं था कि अगले चौराहे पर उनका इंतज़ार यमराज कर रहे होंगे ?

यह घटना क्या यह सोचने के लिये मजबूर नहीं करती कि जब अपराधियों द्वारा एक सत्ता समर्थक नेत्री के घर में घुसकर उसका यह हश्र किया जा सकता है तो रास्ता चलती आम महिलाओं की सुरक्षा की आख़िर क्या गारंटी है ?

चाक चौबंद क़ानून व्यवस्था का दावा कर अपनी ही पीठ थपथपाने वाला यही वह प्रदेश है जहां 15 अप्रैल, 2023 को पुलिस सुरक्षा के मध्य तीन हमलावरों ने पूर्व सांसद अतीक़ अहमद व उसके भाई अशरफ़ की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी थी जब यह दोनों भाई मेडिकल जांच के लिए प्रयागराज के काल्विन अस्पताल ले जाये जा रहे थे। उस समय तीन अपराधी पुलिस सुरक्षा की परवाह किये बिना पुलिस का घेरा तोड़कर इन दोनों भाइयों पर गोलियां बरसाने लगे जिसमें दोनों भाइयों की मौक़े पर ही मौत हो गई थी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भी यूपी सरकार को फटकार लगाई थी। इसी तरह गत वर्ष 2 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के देवरिया ज़िले का वह हत्याकांड जिसमें मात्र 35 मिनट के भीतर दो परिवार के छह लोगों की हत्या कर दी गई थी।

इस हत्याकांड ने उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में सनसनी फैला दी थी। उस समय भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोषियों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई करने का आदेश दिया था और सत्ताधारी नेताओं की ओर से कहा गया था कि इस मामले में ऐसी कार्रवाई की जाएगी कि वह लोगों के लिए नज़ीर बन जाएगी। परन्तु दरअसल ऐसी घटनायें तो शासन की विफलता की ही नज़ीर पेश करती हैं।

रहा सवाल सख़्त कार्रवाई करने के निर्देश का या अपराधियों को नज़ीर बनने वाली सज़ा देने या दुख प्रकट करने का तो इन लफ़्फ़ाज़ियों से न तो मृतकों का जीवन वापस आ सकता है न ही अपराध में कमी आती दिखाई देती है। योगीराज में इस तरह का हाई प्रोफ़ाइल सामूहिक हत्याकाण्ड 17 जुलाई 2019 को उत्तर प्रदेश के सोनभद्र ज़िले के घोरावल थाना क्षेत्र के उभ्भा गांव में हुआ था जबकि लगभग 30 ट्रैक्टर में भरकर आए 150 सशस्त्र लोगों ने जिनके पास कथित तौर पर 10 से अधिक राइफ़लें थीं। जब इन सशस्त्र हमलावरों को रोकने के लिए गांव वालों ने गुहार लगाई तो उन्होंने उन पर ही गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। नतीजतन 10 लोगों की मौक़े पर ही मौत हो गयी।

योगी सरकार के प्रदेश में चाक चौबंद क़ानून व्यवस्था के दावों के बीच अपराधियों द्वारा ऐसी अनेक आपराधिक घटनायें प्रदेश में आये दिन अंजाम दी जाती हैं। महिलाओं के साथ भी आये दिन अपराध होते रहते हैं।

परन्तु इन वास्तविताओं को नज़रअंदाज़ कर इन्हें उत्तर प्रदेश या मणिपुर जैसी डबल इंजन की सरकारों वाले राज्य की नहीं बल्कि केवल बंगाल और केरल की आपराधिक घटनायें ही नज़र आती हैं।

गोया इन्हें उत्तर प्रदेश में क़ानून व्यवस्था के अपने ही दावों और उसकी हक़ीक़त में कोई फ़र्क़ नज़र नहीं आता।

# थानेदार/चौकी इंचार्ज होना आसान काम नहीं है साहब बहुत जतन करने पड़ते हैं

जितेन्द्र चौधरी

(संपादक विशाल इंडिया)

गरमा गरम बहस शुरू हो गई दो दोस्तों के बीच थानेदारी को लेकर।
पहला बोला थानेदारी आसान काम नहीं है साहब बड़े जतन से मिलती है। नेताओं को भी खुश करना पड़ता है और अधिकारियों को भी खुश करना पड़ता है तब जाकर किसी थाने/चौकी का चार्ज मिलता है।
और उसने गालिब के शेर को तोड़ मरोड़ कर एक नया ही शेर मौके पर दे मारा।
यह थानेदारी नहीं आसान बस इतना समझ लीजिए।
चमचागिरी भी करनी है और रिश्वत भी चढ़ानी है।
दूसरा बोला ऐसा नहीं है देश में बहुत ईमानदार पुलिस वाले हैं जो अपना काम बहुत इमानदारी से कर रहे हैं।
सभी एक जैसे नहीं है। मैं बहुत पुलिस वालों को जानता हूं जो ईमानदार है।
पहले ने तुरंत उसकी बात का प्रतिकार किया और बोला भैया कौन सी दुनिया में जी रहे हो ? ईमानदार ढूंढने से 5 पर्सेंट ही मिलेंगे। और जो पुलिस वाला कसम खाए कि वह ईमानदार है तो समझ लेना वह सच्चाई से 420 किलोमीटर दूर है।
तुम बड़े भोले हो जब भ्रष्ट नेताओं की चमचागिरी भी करनी है और अधिकारियों की भी सौ जरूरतें पूरी करनी है तो कैसे ईमानदार रहना संभव है ? गरीबों को सताना और अमीरों से वसूली करना एक थानेदार की मजबूरी होती है वरना वह थाना कैसे चलाएगा ? और तुम्हें पता है थाने भी खरीदे बेचे जाते हैं।
दूसरा बोला सरकार तो भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस है और बड़े साहब भी बहुत ईमानदार हैं फिर कैसे थाने बिक सकते हैं ?
वैसे पढ़ा तो मैंने भी था पिछले दिनों अखबारों में कोई खुफिया खबर लीक हो गई थी कि थाने खरीदे और बेचे जा रहे हैं।
दूसरा दोस्त पहले दोस्त से कुछ सहमति दिखाता हुआ दिखाई पड़ रहा था।
पहला बोला जब अंतरराष्ट्रीय शौक भी पालने हैं। बीवी और रखेलो का भी ख्याल रखना है। बच्चों को भी कान्वेंट में पढ़ाना है तो जनाब तिकड़म तो करनी पड़ेगी ना।
दूसरा बोला फिर भी सभी पुलिसवाले तो बेईमान नहीं है। पहले ने तुरंत उत्तर दिया वह बात तो आपकी सही है सभी पुलिसवाले भ्रष्ट नहीं है और उन ईमानदार पुलिस वालों को थानेदारी भी तो नहीं मिलती। थानेदार होने के लिए एक विशेष योग्यता चाहिए कि आप कितना कमा कर दे सकते हैं ? और वह योग्यता अलग-अलग सरकारों में जाति से भी नापी जाती है।
दूसरे ने लगभग हथियार डालने के अंदाज में कहा छोड़ो यार हमें क्या करना है जैसा चल रहा है चलने दो आओ बैठ कर चाय की चुस्कियां लेते हैं।

# कावेरी के जल को सहेजने में ही समाधान

बेंगलुरु का जलसंकट इन दिनों चर्चा में है। कहा जा रहा है कि लगातार दो साल से बरसात कम हो रही है। हकीकत यह है कि स्थानीय तालाबों को सुखाने के साथ-साथ कावेरी नदी के प्रति सरकार और समाज की बेपरवाही इसके मूल में है। बेंगलुरु शहर की करीब एक करोड़ चालीस लाख आबादी के लिए हर दिन 2600 एमएलडी पानी की जरूरत है, जबकि कावेरी नदी से मात्र 1460 मिल रहा है। करीब 1200 नलकूप सूख चुके हैं। बरसात अभी कम से कम दो महीने दूर है और इसीलिए कई स्कूल-कॉलेज-दफ्तर बंद कर दिए गए। पानी के दुरुपयोग पर जुर्माने सहित कई पाबंदियां लगा दी गई हैं। किसी से छुपा नहीं कि कावेरी के जल बंटवारे को लेकर दक्षिण के दो बड़े राज्यों तमिलनाडु और कर्नाटक में जमकर सियासत तो होती है लेकिन जब उसे सहेजने की बात आती है तो उसे गंदा करने की तत्परता अधिक दिखती है।

कावेरी नदी कर्नाटक के कुर्ग ज़िले के पश्चिमी घाट के घने जंगलों में ब्रह्मगिरी पहाड़ी पर स्थित तलकावेरी से निकलती है। कोई आठ सौ किलोमीटर की यात्रा के दौरान कई सहायक नदियां इसमें आकर मिलती हैं, लेकिन जब दो लाख घन मीटर से अधिक वार्षिक जल बहाव वाली कावेरी का समागम तमिलनाडु में थंजावरु ज़िले में बंगाल की खाड़ी में होता है तो यह एक शिथिल-सी छोटी-सी जल-धारा मात्र रह जाती है।


कावेरी का मैला होता पानी अब ज़हर बनता जा रहा है। कुछ साल पहले बेंगलुरु विश्वविद्यालय ने वन और पर्यावरण मंत्रालय तथा राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय-एनआरडीसी की मदद से एक शोध किया था, जिसमें बताया गया था कि कावेरी पर बने केआरएस बांध से नीचे आने वाला पानी ऊपरी धारा की तुलना में बेहद दूषित हो गया है। गौरतलब है कि केआर नगर, कौल्लेगल और श्रीरंगपट्टनम नगरों की नालियों का गंदा पानी और नंजनगौडा शहर के कारखानों व सीवर की निकासी बगैर किसी शोधन के काबिनी नदी में मिला दी जाती है। काबिनी नदी आगे चलकर नरसीपुर के पास कावेरी में मिल जाती है। कहने को कौल्लेगल में एक ट्रीटमेंट प्लांट लगा है, लेकिन इसे चलते हुए कभी नहीं देखा गया।

शहरी गंदगी के बाद कावेरी को सबसे बड़ा खतरा इसके डूब क्षेत्र में हो रही अंधाधुंध खेती से है। जिसमें रासायनिक खाद व कीटनाशकों के बेतहाशा इस्तेमाल ने कावेरी का पानी ज़हर बना दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बरसात के दिनों में कावेरी के पानी में हररोज 1,051 टन सल्फेट, 21 टन फास्फेट और 34.88 टन नाइट्रेट मिलती है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक नाइट्रोजन की इतनी मात्रा वाला पानी पीना बच्चों के लिए जानलेवा है।

कौल्लेगेल क्षेत्र में शहरी सीवर के कारण कावेरी का पानी मवेशियों के लिए भी खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। यहां पानी में कैडमियम, एल्यूमीनियम, जस्ता और सीसा की मात्रा तय स्तर को पार कर जाती है। ये नदी किनारे रहने वालों के लिए नई-नई बीमारियां लेकर आ रहे हैं। रसायनों की बढ़ती मात्रा से कावेरी नदी का खुद-ब-खुद शुद्धीकरण का गुण नाकाम हो गया। किनारों पर रेत की बेतरतीब खुदाई, कपड़ों की धुलाई आदि ने भी नदी का मिजाज बिगाड़ दिया है। कावेरी के दूषित होने की चेतावनियां सन ? 1995 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एक रपट में दर्ज थीं कि कावेरी का पानी अपने उद्गम तालकावेरी से मैसूर शहर की सीमा तक सी ग्रेड का है, जबकि होना ए ग्रेड चाहिए। विदित हो कि ए ग्रेड के पानी की 100 मिलीलीटर मात्रा में कॉलीफार्म बैक्टीरिया की मात्रा 50 होती है, जबकि सी ग्रेड में यह खतरनाक विषाणु छह हजार होता है। वहीं पीएच वैल्यू में काफी अंतर दर्ज किया गया था। उस रिपोर्ट में यह भी बताया गया था कि केआर बांध से होगेनेग्गल तक और बेंगलुरु से ग्रेंड एनीकेट तक और उससे आगे कुंभकोणम तक पानी की क्वॉलिटी ई ग्रेड की है।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3121




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




काकुरो - 3120 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

अपने पति की हत्या के मामले में कटघरे में खड़ी महिला से न्यायाधिश ने कहा- आपको अपनी सफाई में क्या कहना है?
महिला : मैं क्या कह सकती हूँ, मेरे यहाँ सफाई तो नौकरानी करती है। इस विषय में इससे ज्यादा जानकारी तो वही दे सकती है।

□ □ □


रमन (प्रेमिका) से- गीता, प्लीज मुझसे शादी के लिए हाँ कर दो ना....! मैं तुम्हारी हर छोटी-छोटी इच्छाओं को पूरी करूँगा।
प्रेमिका बोली- ये सब तो ठीक है, परंतु मेरी उन बड़ी इच्छाओं का क्या होगा? उसे कौन पूरा करेगा दूसरा पति।

□ □ □

एक बार तीन नीग्रो जंगल में जा रहे थे। घने जंगल के रास्ते में उन्हें भगवान मिले। भगवान ने उन्हें एक-एक वरदान माँगने के लिए कहा।
पहला बोला- मुझे गोरा बना दो।
भगवान- तथास्तु।
दूसरा बोला- मुझे भी गोरा बना दो।
भगवान ने कहा- तथास्तु।
अब तीसरे नीग्रो के माँगने की बारी थी। उसने वरदान माँगा- इन दोनों को फिर से काला-काला बना दो।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3121



**बायें से दायें:-**

१. 'राह बनी खुद मंजिल' गीत वाली विस्वजीत, वहीदा की फिल्म-३
३. संजीवकुमार, सुचित्रासेन की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-२
४. 'मैं ने तेरे लिए ही' गीत वाली अमिताभ, राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-३
७. गोविंदा, आदित्य, नीलम, मंदाकिनी की अजय कश्यप निर्देशित फिल्म-४
८. 'कितना मजा आ रहा है' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-२,२
९. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'ना जइयो परदेस' गीत वाली दिलीपकुमार, अनिलकपूर, जैकी श्रॉफ, श्रीदेवी, पुनम ढिल्लों की फिल्म-२
११. जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की 'हर तरफ हर जगह' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'ऐ मेरे मेहरबां ऐ मेरे हमनशी' गीत वाली मनोजकुमार, साधना की फिल्म-३
१५. जीतेंद्र, रेखा की 'गोकुल की गलियों का' गीत वाली फिल्म-२,२,१
१७. 'जाओ जाओ हम से क्या' गीत वाली जैकी श्रॉफ, अमृता सिंह की फिल्म-२,३
१९. अरविंद, प्रभुदेवा, काजोल की 'चंदा रे चंदा रे कभी' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'सिलसिला शुरू हुआ यहाँ से' गीत वाली फिल्म-३
२१. राजकपूर, नर्गिस की 'राजा की आएगी बारात' गीत वाली फिल्म-२
२३. शशि, संजीवकुमार, वहीदा, पूनम की फिल्म-३
२४. राहुलराय, शीबा की 'तेरी दोस्ती में मिला है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
२५. 'देखो मेरा दिल मचल' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, नाना पाटेकर, तब्बू की 'हम हैं बनारस के भैया' गीत वाली फिल्म-४
२. शाहरूख, विवेक, जूही की फिल्म-४
३. धर्मेन्द्र, माला सिन्हा की 'गैरों पे करम अपनों पे सितम' गीत वाली फिल्म-२
४. 'कभी तो मिलेगी कहीं' गीत वाली अशोक, प्रदीप, मीना की फिल्म-३
५. फिल्म 'परिवार' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
६. शाहबाद, किरण, तब्बू, रीता की फिल्म-५
७. सनी, सुष्मिता सेन की 'कोई देख रहा छुप छुप के' गीत वाली फिल्म-२
९. 'तेरे चेहरे में वो' गीत वाली फिरोज खान, हेमा मालिनी, रेखा की फिल्म-३
११. जॉय, सायरा की 'दिल की महफिल सजी है' गीत वाली फिल्म-२,२,३
१२. 'इक तुम पास ना आना' गीत वाली अमिताभ, लक्ष्मी छाया की फिल्म-२,१,३
१३. अक्षयकुमार, माधुरी दीक्षित की 'दुनिया से दूर जा रहा हूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६. राजकुमार, शत्रुघ्नसिन्हा, हेमा मालिनी, मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म-३
१७. आमिर खान, फैजलखान, ट्विंकल की 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२२. 'आज सजन मोहे अंग लगालो' गीत वाली फिल्म-२
२३. नसीरूद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3120



## सूडोकु -3121

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3120 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

## शब्द पहेली - 3121



**बाएँ से दाएँ**

1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी-2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा -2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**

1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा -2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

शब्द पहेली -3120 का हल



# यमुना प्राधिकरण में पेश किया गया 9992 करोड़ का बजट

## जेवर इलाके में तेजी से होगा विकास, नए सेक्टर के डेवलपमेंट की योजना तैयार

गौतम बुद्ध नगर। जेवर एयरपोर्ट आने के बाद यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में विकास ने रफ्तार पकड़ ली है। कॉमर्शियल से लेकर रेसिडेंशियल प्लाट की खूब मांग है।

यही कारण है कि यमुना प्राधिकरण ने अपने बोर्ड बैठक में नए सेक्टर के डेवलपमेंट के लिए बहुत ही महत्वाकांक्षी परियोजनाएं तैयार की हैं, जिनको पूरा करने के लिए इस वित्तीय वर्ष के लिए 9992 करोड़ का मेगा बजट तैयार किया है।

यह बजट पिछले साल के बजट 5630 करोड़ का दोगुना है। कॉस्ट इन्फ्लेशन इंडेक्स में हुई वृद्धि के कारण रेजिडेंशियल, कामर्शियल, इंडस्ट्रियल, इंस्टीट्यूशन और इंडस्ट्रियल प्रॉपर्टी के आवंटन के रेट में बढ़ोतरी की गई है। जेवर एयरपोर्ट के लिए 70200 लाख और मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी के लिए 30000 लाख का बजट रखा गया है।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि प्राधिकरण के 80वीं बोर्ड बैठक में कुल 9992 करोड़ का मेगा बजट पास किया गया है।

साल 2024-25 के लिए बोर्ड बैठक में पास किए गए बजट का 6063 करोड़ों भूमि अधिग्रहण के लिए खर्च किया जाएगा, जबकि 2000 करोड़ रुपए सेक्टर के डेवलपमेंट पर खर्च किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यमुना प्राधिकरण ने




नए सेक्टरों के डेवलपमेंट के लिए बहुत ही महत्वाकांक्षी परियोजना तैयार की है।

नए-नए जो इनोवेटिव सेक्टर आ रहे हैं, जिसमें सेमीकंडक्टर, डाटा पार्क शामिल हैं। इनके वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक के लिए आठ नए सेक्टर का लैंड एक्विजिशन किया जा रहा है।

नया लैंड बैंक बनाया जा रहा है। विभिन्न क्लस्टर के बनने के कारण अलीगढ़ के टप्पल में भी 17 से 20 एकड़ लैंड ले रहे हैं, जिसकी प्रक्रिया चल रही है।

### 300 करोड़ बजट का प्रावधान

वित्तीय वर्ष 2024-25 में जेवर एयरपोर्ट के लैंड एक्विजिशन के लिए 700 करोड़ और मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी के लिए जो रैपिड रेल गाजियाबाद से जेवर एयरपोर्ट तक आ रही है उसके लिए 300 करोड़ बजट में प्रावधान किया गया है। रेजिडेंशियल सेक्टर की सुविधा के लिए फल सब्जी और दूध के 21 बूथ लाने का निर्णय लिया है। रजिस्ट्री के बारे में जानकारी देते हुए अरुणवीर सिंह ने कहा कि हमारे वहां 9 बिल्डर हैं इन सभी को पत्र दे दिया गया है। उनमें से चार ने अपनी सहमति दी है हमारे यहां रजिस्ट्री के 5000 से ज्यादा केस पेंडिंग नहीं है।

इसलिए इस साल का बजट बहुत बड़े साइज का बनाया गया है। यमुना प्राधिकरण ने कॉस्ट इन्फ्लेशन इंडेक्स में हुई 5.4 प्रतिशत वृद्धि के कारण रेजिडेंशियल कामर्शियल इंस्टीट्यूशन और इंडस्ट्री के प्रॉपर्टी आवंटन और बीड के दरों में वृद्धि की है, जिसके कारण यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में जमीन खरीदना अब महंगा हो गया है। अरुणवीर सिंह का कहना है कि कॉस्ट इन्फ्लेशन इंडेक्स के कारण की गई ये वृद्धि न्यूनतम है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामलें में दो गिरफ्तार

## परीक्षाओं में पास कराने का लेते थे ठेका, एसटीएफ कर रही पूछताछ

लखनऊ। यूपी एसटीएफ ने पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मथुरा से पकड़े गए आरोपियों पर 25-25 हजार रुपए का जुर्माना था। एसटीएफ के अधिकारियों का कहना है कि यूपी में पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की तरफ से 17 और 18 फरवरी को आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हुआ था।

पेपर लीक करने वाले गिरोह से जुड़े दो सदस्यों को रविवार को मथुरा से गिरफ्तार किया गया है। इनकी पहचान मोनू पंडित निवासी ग्राम अभ्यपुरा मानागढी थाना नोहझील, मथुरा और गौरव कुमार चौधरी निवासी ग्राम जावरा थाना मांट, मथुरा के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से हरियाणा नंबर की क्रेटा कार बरामद की गई है।

इससे पहले प्रमोद पाठक निवासी गौतमबुद्धनगर को गिरफ्तार किया गया था। उससे मिली सूचनाओं के आधार पर यह कार्रवाई की गई। मोनू पंडित के खिलाफ और गौरव कुमार के खिलाफ नोएडा, झांसी बुलंदशहर और मुजफ्फर नगर में दर्ज मुकदमा दर्ज है।

गिरफ्तार आरोपी मोनू पंडित बाजना इंटर कालेज लखनऊ में पढ़ता



था। यहीं पर प्रमोद पाठक भी पढ़ता था। यहीं पर दोनों में दोस्ती हुई। इसके बाद दोनों मुखर्जी नगर में तैयारी करने पहुंच गए। यहीं पर मोनू पंडित की मुलाकात मोनू गुर्जर से हो गई।

मोनू गुर्जर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पैसा लेकर अभ्यार्थियों को पास कराने का गैंग चलाता था। मोनू पंडित ने एमटीएस की परीक्षा पास कराने के लिए मोनू गुर्जर से संपर्क किया था। वहीं इसके बाद दोनों एक साथ यही काम करने लगे।

### पेपर लीक मामले में गिरफ्तार हो चुका है प्रमोद पाठक

नौहझील थाना क्षेत्र का रहने वाला प्रमोद पाठक अरूण विहार , सेक्टर 37 नोएडा में रहता है। उसको एसटीएफ पहले ही पेपर लीक से जुड़े मामले में पांच मार्च को गिरफ्तार कर चुकी है। पेपर लीक को लेकर राजकुमार मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक, फील्ड यूनिट नोएडा, नवेन्दु कुमार, पुलिस उपाधीक्षक, एसटीएफ फील्ड यूनिट, नोएडा और दरोगा अक्षय त्यागी की एसटीएफ नोएडा टीम सबूत इकट्ठा कर रही है।

### ऑनलाइन स्क्रीन शेयरिंग से कर परीक्षाओं में कराते थे नकल

मोनू पंडित और मोनू गुर्जर ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षाओं में स्क्रीन शेयरिंग से प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली का काम शुरू किया। इसके साथ ही मोनू पंडित ऑफ लाइन परीक्षा पेपर लीक कराने और पैसा लेकर पढ़वाने का काम करने लगा।

### साल्वर बैठाकर होती थी धांधली

गिरफ्तार आरोपी गौरव कुमार उर्फ गौरव चौधरी ने कहा कि 2015 में एसएससी की परीक्षा देने के दौरान श्याम वीर बाबा के संपर्क में आया था। इसके बाद 2019 में आरोपी गौरव कुमार उर्फ गौरव चौधरी ने सहस्त्रधारा रोड जनपद देहरादून में ऑनलाइन परीक्षा कराने के लिए अपना एक जीएस सेंटर बनाया था। वर्ष 2019 से उसके सेंटर पर काम करवाने के लिए मोनू गुर्जर आया था।

तभी से ही मोनू गुर्जर के माध्यम से गौरव कुमार उर्फ गौरव चौधरी, आषीश पालीवाल, जनपद मेरठ एवं मोनू पंडित जनपद मथुरा के संपर्क में आया और फिर इन लोगों के साथ मिलकर अभियुक्त गौरव कुमार उर्फ गौरव चौधरी भी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली करके भर्ती कराने का गैंग चलाने लगा।

गौरव 2015 में एसएससी की परीक्षा देने के दौरान साल्वर बैठाने के मामले में जेल जा चुका है। इस मामले में आठ लोग गिरफ्तार हुए हैं।

# प्राधिकरण के डंपिंग ग्राउंड का विरोध कर रहे ग्रामीण

## जेवर में मुआवजे की मांग को लेकर धरना शुरू

एजेंसी

जेवर। जेवर क्षेत्र के अस्तौली गांव के पास प्राधिकरण के डंपिंग ग्राउंड के विरोध में गांव के लोग बुधवार से धरने पर बैठ गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव के पास डंपिंग ग्राउंड बन रहा है। लेकिन उनको अभी तक उचित मुआवजा भी नहीं दिया गया है। ऐसी कई सूत्रीय मांगों को लेकर ग्रामीण अनिश्चितकालीन कालीन धरने पर बैठ गए हैं। साथ ही उन्होंने डंपिंग ग्राउंड में बिजली बनाने के काम का उद्घाटन होने वाले था, उसको भी नहीं होने दिया। किसानों का कहना कि जब तक समस्या का समाधान नहीं होगा वह काम नहीं करने देंगे।

ग्रामीणों का कहना है कि कई वर्ष पहले ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने उनकी जमीन को अधिग्रहित किया था। जिसको अन्य प्राधिकरण को बेच दिया गया था।

जिस पर डंपिंग ग्राउंड बनाकर बिजली पैदा करने का प्लांट लगाया जा रहा है। जिसका बुधवार को उद्घाटन होने वाला था। उससे पहले ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और धरने पर बैठ गए। जिसके चलते उद्घाटन करने के लिए भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। ग्रामीण सूरज भाटी का कहना है कि उनको अभी तक उनकी जमीन का 64 प्रतिशत और 4 प्रतिशत प्लॉट भी नहीं दिया गया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की 14 सूत्रीय मांगे हैं। जिनकी तरफ प्राधिकरण कोई ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने बताया कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा। वह गांव के पास डंपिंग ग्राउंड का काम नहीं होने देंगे। ग्रामीणों का कहना कि आगामी दिनों में सैकडों की संख्या में ग्रामीण धरने पर पहुंचकर प्रदर्शन करेंगे।

साथ ही ग्रामीणों ने अन्य गांव की लोगों का भी सहयोग लेने को कहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्राधिकरण के अधिकारियों ने किसानों का शोषण किया है। जिनकी जमीन को सस्ते रेट पर लेकर अन्य को महंगे में बेच दिया है। इस मौके पर विनोद प्रधान, परमाल, मन्नू, संजय, पप्पी, अमित पहलवान और अरुण भाटी समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# फ्लैट में चोरी करने वाला घरेलू सहायक गिरफ्तार

**20 लाख की जूलरी और 70 रुपए नगद बरामद, आपराधिक रिकार्ड खंगाल रही पुलिस**

नोएडा। थाना सेक्टर-113 पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। ये चोर लोगों के यहां घरेलू सहायक बनकर काम करता था और मौका पाकर घर का सामान चोरी कर फरार हो जाता था। पुलिस इसका आपराधिक रिकार्ड खंगाल रही है। इसके पास से 9 मार्च को एक फ्लैट से चोरी किए 20 लाख जूलरी और 70 हजार कैश बरामद किया गया है।

9 मार्च को थाना सेक्टर-113 में पीड़ित ने शिकायत दी थी। उनके घर में रामचंद्र यादव घरेलू सहायक के रूप में काम करता था। उसने घर की अलमारी में रखी जूलरी और नकदी चोरी की और फरार हो गया। पुलिस ने परिजनों की ओर से बताए गए हुलिया के आधार पर तफ्तीश शुरू की। लोकल इंटेलिजेंस और तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने राम चंद्र यादव को मेट्रो शौचालय सेक्टर-110 से गिरफ्तार किया । उसकी निशान देही पर फ्लैट से चोरी किया गया सारा समान बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि एक घड़ी ओमेगा कंपनी, दो गले की चेन (सोने की),एक हाथ का कड़ा (सोने का) , एक अंगूठी (सोने की,दो सिक्के सोने बरामद किए गए।

# चलती कार बनी आग का गोला

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-134 स्थित जेपी विश टाउन की ओर जा रही सियाज कार में मंगलवार रात को आग लग गई। चालक जेपी क्लासिक सोसाइटी निवासी गौरव मलिक ने कूदकर किसी तरह जान बचाई। देखते ही देखते आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। चालक ने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी की मदद से करीब 20 मिनट में आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि इस दौरान कार पूरी तरह से जल गई। ग़नीमत रही कि इसमें किसी प्रकार की जन हानि नहीं हुई। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जाहिर की जा रही है।

# ग्रेनो वेस्ट में अस्थाई मार्केट में लगी आग

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में आग का तांडव देखने को मिला, जहां पर एक ढाबे में अचानक आग लग गई। यह आग इतनी भीषण की कुछ ही देर में ढाबे के आसपास बने हुए अन्य ढाबे व दुकानें भी इसकी चपेट में आ गईं और आग लग गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल विभाग की आधा दर्जन से ज्यादा गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में हिंडन नदी के किनारे अस्थाई मार्केट बनी हुई है। इस अस्थाई मार्केट में कई ढाबे भी बने हुए हैं। बुधवार सुबह अचानक से एक ढाबे में आग लग गई। धीरे-धीरे आग लगातार बढ़ती चली गई और इसने आसपास बने हुए कई अन्य ढाबों और दुकानों को भी अपनी आगोश में ले लिया और यह सभी ढाबे



जलने शुरू हो गए। आग लगने की सूचना तत्काल प्रभाव से स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। जिसके बाद बिसरख थाना पुलिस और दमकल विभाग की आठ गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब 2 घंटे से ज्यादा की मशक्कत के बाद इस आग पर काबू पाया गया। आग लगने की वजह से ढाबे पूरी तरह से जलकर राख हो गए। उन में रखा हुआ लाखों रुपए का सामान भी जल गया। जिला दमकल अधिकारी ने बताया कि सुबह आग लगने की सूचना मिली थी। तत्काल प्रभाव से दमकल की आठ गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। अन्य कारणों की जांच की जा रही है।

# ग्रेटर नोएडा में फोम कंपनी में लगी भीषण आग

## 15 गाड़ियों ने पाया आग पर काबू, आग में कोई भी नहीं हुई जनहानि

एजेंसी

गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत फोम से गद्दा बनाने वाली एक कंपनी में आग लग गई। यह आग इतनी विकराल थी कि आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 15 गाड़ियों को बुलाया गया और करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद इस आग पर काबू पाया गया। गनीमत यह रही की आग में कोई भी जनहानि नहीं हुई है।

सूरजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत साइड बी में एमएच पॉलीमार्स फार्म कंपनी में शाम करीब 5: 00 बजे आग लगने की सूचना दमकल विभाग को मिली।

यह आग इतनी विकराल थी कि कुछ ही देर में इसने पूरी कम्पनी को अपनी आगोश में ले लिया। आग की लपटे दूर से दिखाई दे रही थी। इस कंपनी में फोम से गद्दे बनाए जाते हैं। फोम होने की वजह से आग और ज्यादा विकराल होती चली गई और यह लगातार बढ़ती चली गई। फोम में आग होने की वजह से इस पर काबू पाने में भी काफी मशक्कतों का सामना



करना पड़ा।

### 15 गाड़ियों ने 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

आसपास के जिलों से भी दमकल की गाड़ियों को बुलाया गया। इस दौरान करीब 15 गाड़ियों ने 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया ।इस हादसे में कोई भी जनहानि नहीं हुई है लेकिन लाखों रुपए का माल जलकर राख हो गया है । आग किस वजह से लगी यह भी अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है हालांकि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

### आग में कोई भी जनहानि नहीं हुई

जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि शाम 5: 00 बजे आग लगने की सूचना मिली थी ।आग काफी विकराल थी, जिसकी वजह से आसपास से भी दमकल की गाड़ियों को बुलाया गया। करीब 2 घंटे की मशक्कत करते हुए 15 गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। इस आग में कोई भी जनहानि नहीं हुई है।

# अतिक्रमण पर चला ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का बुलडोजर

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्राम सुनपुरा में अधिसूचित एरिया की जमीन पर अतिक्रमण पर मंगलवार को बुलडोजर चलाया। प्राधिकरण ने करीब 2.30 लाख वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त करा लिया। बाजार दर से इसकी कीमत करीब 460 करोड़ रुपये होने का आकलन है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अधिसूचित एरिया में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। परियोजना विभाग अतिक्रमण हटाने की लगातार कार्रवाई कर रहा है। ग्रेटर नोएडा के सुनपुरा गांव में कुछ कालोनाइजर अधिसूचित एरिया में बाउंड्री बनाकर अवैध प्लॉटिंग कर रहे थे। प्राधिकरण की तरफ से नोटिस जारी की गई, लेकिन कोई असर नहीं हुआ, जिसके चलते मंगलवार को प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार के नेतृत्व में वर्क सर्किल दो की टीम ने कार्रवाई की। इस टीम में उनके साथ मैनेजर स्वतंत्र वर्मा और सहायक प्रबंधक राजीव मोटला व अन्य स्टाफ भी शामिल रहे।

# गलगोटिया यूनिवर्सिटी के गार्ड्स ने छात्रों को पीटा

जेवर। जेवर में गलगोटिया यूनिवर्सिटी के सुरक्षाकर्मियों ने तीन छात्रों की जमकर पिटाई कर दी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। सुरक्षाकर्मी छात्रों को डंडे से पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। हालांकि वीडियो का संज्ञान लेते हुए यूनिवर्सिटी प्रशासन ने दो सुरक्षाकर्मियों को निष्कासित कर दिया है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित छात्रों ने कोई तहरीर नहीं दी है।

दनकौर क्षेत्र स्थित गलगोटिया यूनिवर्सिटी में परीक्षाएं चल रहीं हैं। मंगलवार को रोज की तरह तीन छात्र परीक्षा देने के लिए यूनिवर्सिटी के गेट पर पहुंचे।

बताया जाता है कि उन पर प्रवेश पत्र नहीं था। जिसके चलते सुरक्षकर्मियों ने उन्हें अंदर प्रवेश नहीं करने दिया। विरोध करने पर सुरक्षाकर्मियों द्वारा गाली गलौज करते हुए डंडे से पिटाई शुरू कर दी। इसी दौरान वहां खड़े किसी व्यक्ति ने इस घटना का वीडियो बनाया लिया। जिसे बाद में वायरल कर दिया।

बताया जाता है कि घटना के वक्त छात्र चिल्लाते रहे, लेकिन आरोपियों को कोई रहम नहीं आया। जिसमें में तीन छात्रों के पीछे करीब पांच सुरक्षाकर्मी धमकाते और डंडे से हमला करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

पुलिस का कहना है कि घटना की जानकारी के बाद मौके पर जाकर जांच की गई है। बताया जाता है कि पीड़ित छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन से शिकायत की है।

जिसके चलते यूनिवर्सिटी प्रशासन ने आरोपी सुरक्षा गार्ड को निष्कासित कर दिया है। जबकि पुलिस को लिखित तहरीर नहीं दी गई है। छात्रों को बेरहमी से पीटने का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना को देखते हुए यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले अन्य छात्रों में भी गुस्सा देखने को मिल रहा है। इस बारे में दनकौर कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है कि यूनिवर्सिटी के दो सुरक्षाकर्मियों को हटा दिया गया है। छात्रों की तहरीर मिलने पर कार्रवाई होगी।

# शार्ट न्यूज

## स्कूटी और बाइक की जोरदार भिड़ंत, बुजुर्ग की दर्दनाक मौत, दो अन्य की हालत गंभीर

जेवर। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के भट्टा-पारसौल रोड पर बुधवार को स्कूटी और बाइक की आमने सामने से भिड़ंत हो गई। घटना में बाइक सवार बुजुर्ग की मौत हो गई है। जबकि दो की हालत गंभीर होने के चलते ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। हरियाणा के शाहजहांपुर गांव के रहने वाले मनोहर लाल ( 55 वर्ष ) के बेटे की ससुराल ककोड़ कोतवाली क्षेत्र के अलीपुर गांव में है। किसी काम के चलते मनोहर लाल बाइक पर सवार होकर मंगलवार को अलीपुर गांव गए थे। बुधवार सुबह को वहां से अपने घर के लिए लौट रहे थे। जब उनकी बाइक दनकौर कोतवाली क्षेत्र के उस्मानपुर रोड स्थित वृद्धाश्रम के पास पहुंची तो सामने से आ रही एक स्कूटी से भिड़ंत हो गई। इस भीषण हादसे में बाइक और स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना में पारसौल गांव के रहने वाले स्कूटी सवार हर्ष और कुनाल को भी चोट आई है। जबकि बुजुर्ग मनोहर लाल गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बुजुर्ग को ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल हर्ष और कुनाल को दनकौर कस्बा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

## गाजियाबाद में फैक्ट्री मालिक के साथ लूट

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना कविनगर के औद्योगिक क्षेत्र में ट्रांसफार्मर बनाने और रिपेयर करने वाली फैक्ट्री के मालिक के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है। वारदात उस समय हुई जब फैक्ट्री मालिक अपनी कार को पेड़ के नीचे खड़ा करके फैक्ट्री की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान बाइक पर आए दो बदमाश फैक्टरी मालिक से बैग लूट के ले गए। बैग में फैक्ट्री कर्मचारी के सैलरी के पैसे थे। गाजियाबाद के नेहरू नगर निवासी रमेश गुप्ता की थाना कविनगर क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र में ट्रांसफार्मर बनाने और उसकी रिपेयरिंग की फैक्ट्री है। बुधवार को रमेश गुप्ता अपनी कार से फैक्ट्री जा रहे थे। इसी दौरान धूप अधिक होने के चलते उन्होंने फैक्ट्री से करीब 40 मीटर पहले अपनी कार पेड़ की छाया में खड़ी कर दी। रमेश गुप्ता अपनी कार में से बैग निकाल कर अपनी फैक्ट्री जा रहे थे। इसी दौरान बाइक पर आए दो बदमाश उनके बैग लूट के ले गए। रमेश गुप्ता के बैग में फैक्ट्री के कर्मचारियों के सेलरी के 1 लाख 75 हजार रुपए थे। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया की घटना के बाद पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की कई टीम इस वारदात के खुलासे के लिए लगाई गई है। साथ ही आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

## गाजियाबाद पुलिस ने 501 पेटी शराब पकड़ी

गाजियाबाद। गाजियाबाद में क्राइम ब्रांच ने 30 लाख रुपए की शराब और बियर के साथ 1 शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। शराब और बियर की 501 पेटी से भरा ट्रक भी बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक इस शराब का प्रयोग यूपी में लोकसभा चुनाव के दौरान होना था साथ ही इसकी तस्करी बिहार करके ले जाए जा रही थी बिहार में शराब बंदी है। गाजियाबाद क्राइम ब्रांच के एडीसीपी सचिनानंद राय ने बताया कि अवैध शराब की तस्करी करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार करते हुए 30 लाख की अवैध शराब और बियर बरामद हुई है। इसकी तस्करी आईसीसी कैंटर ट्रक में लाई जा रही थी। उसको भी बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त ट्रक चालक अनूप सिंह जो कि भोला और रामनिवास के लिए करता काम करता है। इनकी भी पुलिस गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। गिरफ्तार अभियुक्त 42 वर्षीय हरियाणा का रहने वाला अनूप सिंह छठी फेल है। पकड़े जाने पर अनूप सिंह ने पुलिस को बताया कि उसकी प्रत्येक चक्कर के 50 हजार रुपए मिलते थे। लेकिन मार्च 2023 में अनूप सिंह जनपद समस्तीपुर बिहार में अवैध शराब कर तस्करी करने में जेल गया था। जिसके छूट के आने पर यह रामनिवास और भोला के संपर्क में आया, भोला और रामनिवास की पकड़ के लिए कई जगह दबिश दे रही है।

## भाजपा रालोद कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक

मोदीनगर। बागपत मोदीनगर लोकसभा क्षेत्र से रालोद व भाजपा के सयुक्त प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान ने एक दर्जन से अधिक स्थानों पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। रालोद भाजपा की सयुक्त बैठक में चुनाव प्रचार की रणनीति बनाई गई। डॉ. राजकुमार सांगवान गांव बिसोखर ,कादराबाद ,तलहेटा ,फरीदनगर ,किल्हौड़ा ,नाहली ,अमीरपुर के अलावा मोदीनगर पंजाबी समाज के साथ बैठक की। उन्होने एक दर्जन से अधिक स्थानों पर नुक्कड सभा कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किए गए कार्यो का गुणगान किया। इसके अलावा भाजपा व रालोद कार्यकर्ताओं की सयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं से परिचय किया गया और चुनाव प्रचार को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक में चुनाव प्रचार में दोनों पार्टी के कार्यकर्ता बढ़ चढ़कर भाग लेगे। इस मौके पर विधायक मंजू शिवाच ,अमरजीत सिंह बिडडी ,भाजपा जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान व भाजपा के किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष नीरज त्यागी ने भाजपा रालोद कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रचार में जुट जाने को कहा। इस मौके पर अमरजीत सिंह बिडडी, राम आसरे शर्मा, पुष्पेन्द्र रावत, रालोद जिलाध्यक्ष अमित त्यागी, योगेन्द्र पतला, सतेन्द्र तोमर, रामभरोसे लाल, ललित सेन, अजीत खंजरपुर सहित सैकड़ों रालोद भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मोदीनगर में सात वर्षीय बच्चे से कुकर्म का प्रयास

मोदीनगर। मोदीनगर के एक गांव में सात वर्षीय बच्चे को अगवा कर कुकर्म के प्रयास में विफल रहने पर बच्चे को नशीला पदार्थ खिलाने के मामला सामने आया है। नशीले पदार्थ से बच्चे की हालत गंभीर हो गई। उसे उपचार के लिए एम्स में भर्ती कराया गया। सोमवार को पिता बच्चे के साथ मोदीनगर तहसील पहुंचा और उपजिला धिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। गांव निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसका सात वर्षीय पुत्र कक्षा तीन का छात्र है। बताया कि देर शाम बच्चा घर पर अकेला था। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोसी के यहां रिश्तेदारी में रह रहा एक युवक बच्चे को अगवा कर सुनसान स्थान ले गया और कुकर्म का प्रयास किया। बच्चे ने शोर मचाया तो आरोपी ने उसकी पिटाई कर दी और काफी मात्रा में धतूरा खिला दिया। धूतरे के सेवन से बच्चा बेसुध हो गया। आरोपी बच्चे को छोड़कर फरार हो गया। परिजन बेसुध बच्चे को उपचार के लिए अस्पताल ले गए। जहां से उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार बच्चे का तीन दिन एम्स में उपचार चला। आरोप है कि निवाड़ी पुलिस ने शिकायत के बाद कार्रवाई नहीं की। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में आया है। निवाड़ी पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया गया है।

## महिलाओं को बातों में उलझाकर ठगी करने वाले गिरफ्तार , 4 बदमाशों के पास से कैश बरामद

मोदीनगर। मोदीनगर में सुनसान स्थान पर महिलाओं को झांसे में लेकर ठगी करने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। दिल्ली मेरठ मार्ग पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान चार बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दस हजार रुपए की नकदी बरामद की है। पकड़े गए बदमाश एक दर्जन से अधिक महिलाओं को अपना शिकार बना चुके हैं। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि मोदीनगर निवासी महिला कोमल से गत दस मार्च को झांसे में लेकर 50 हजार रुपए की ठगी की गई। इसके अलावा इस तरह की शिकायत लगातार मिल रही थी कि क्षेत्र में महिलाओं को झांसे में लेकर जेवरात व नकदी ठगने वाले गिरोह सक्रिय है। उन्होने बताया कि बदमाशों को पकड़ने के लिए तीन टीमों का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि देर रात पुलिस को सूचना मिली कि महिला के साथ ठगी करने वाले बदमाश दिल्ली मेरठ मार्ग पर किसी वारदात करने के इरादे से घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने चेकिंग शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस ने चेकिंग के दौरान चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम इखलाख, इब्राहिम, अजरुद्दीन और साबिद निवासी सेक्टर 11 जुल्लू चौक चांदमारी झुग्गी झोपडी विजयनगर गाजियाबाद बताया। बदमाशों के पास से ठगे गए 10 340 रुपए बरामद किए। बदमाशों ने बताया कि वह सुनसान स्थान पर महिलाओं को अपनी बातों में उलझाकर ठगी करने का काम करते हैं।

# मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सजा

## दुर्दांत माफिया मुख्तार अंसारी को एमपी/एमएलए कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा



**लखनऊ/ वाराणसी।** दुर्दांत माफिया मुख्तार अंसारी के गुनाहों का हिसाब तेजी से होने लगा है। एक के बाद एक उसके किये गये जुर्मों की सजा न्यायालय से मिलने लगी है। न्यायालयों में चल रहे मामलों में योगी सरकार द्वारा की जा रही प्रभावी पैरवी के कारण माफिया मुख्तार अंसारी को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। तीन दशक पुराने मामले में मुख्तार अंसारी के दोषी पाये जाने के बाद बुधवार को उसे उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही कोर्ट ने उसपर 2 लाख 2 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अंसारी को दूसरी बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अबतक आठ मामलों में माफिया को सजा सुनाई जा चुकी है।

अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश एमपी/एमएलए कोर्ट वाराणसी, अवनीश गौतम की अदालत ने मुख्तार अंसारी को डीएम/एसपी के फर्जी हस्ताक्षर पर शस्त्र लाइसेंस लेने के मामले में सजा सुनाई है। 1990 में थाना मोहम्मदाबाद गाजीपुर में दर्ज तीन और कोतवाली गाजीपुर में दर्ज एक मामले में हुई सुनवाई और प्रभावी पैरवी के बाद चारों धाराओं में अलग अलग सजा सुनाई गई है। इसमें 420/120 बी आईपीसी में सात साल, 467/120 बी आईपीसी में आजीवन कारावास, 468/120 बी में 7 वर्ष और 30 आयुध अधिनियम में 6 माह की सजा सुनाई गई है। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। इसके अलावा मुख्तार अंसारी पर अलग-अलग कुल 2,02,000 रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर 1 साल 1 हफ्ते के अतिरिक्त कारावास का प्रावधान है। मालूम हो कि इससे पहले योगी सरकार की प्रभावी पैरवी के कारण कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के बड़े भाई अवधेश राय की हत्या के मामले में भी माफिया मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सुनाई जा चुकी है।

### एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा कर रहे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद थाना टूंडला रेलवे स्टेशन पर अवध एक्सप्रेस ट्रेन से यात्रा कर रहे एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जीआरपी ने बुधवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल रखवा दिया। पुलिस ने बताया कि बहराइच जिला क्षेत्र के थाना जरवल के गांव हर चंद निवासी राजा (22) पुत्र इम्तियाज अहमद मुंबई में काम करता था। वह कल रात को अवध एक्सप्रेस से अपने घर बहराइच लौट रहा था तभी अचानक उसकी रास्ते में तबीयत खराब हो गई। इसकी सूचना जीआरपी टूंडला को दी जब अवध एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर 7 पर पहुंची जीआरपी ने आनंन फानन में उसे ट्रेन से उतारा और चिकित्सक के पास ले गए जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# बलिया में नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बाँसडीह, बलिया। बलिया के बांसडीह कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गांव में विवाहिता के आत्महत्या की जानकारी होने पर हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। शव को फांसी के फंदे से उतारकर पोस्टमॉर्टम को लिए भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक स्वतंत्र सिंह ने बताया कि मृतका के मायके वालों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज जांच पड़ताल की जा रही है। इसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के केवरा निवासी सतेंद्र गोंड की पत्नी शोभा ने घर में साड़ी का फंदा बनाकर उस पर झूल गयी। सतेंद्र गोंड ने बताया कि उस समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। मृतका की सास गांव के एक बच्चे के मुंडन संस्कार में गयी हुई थी। उसके ससुर खेत में गए थे। जबकि वह बाजार गया हुआ था। उसने बाजार से अपनी पत्नी को फोन किया, तो उसने फोन काट कर मोबाइल स्विच ऑफ कर दिया। जिसके कुछ देर बाद वह घर पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद मिला।

सतेंद्र गोंड ने बताया कि घर में काफी आवाज देने के बाद भी अंदर से दरवाजा नहीं खुला।

वह दीवाल फांदकर अंदर घुसा, तो देखा कि शोभा फांसी के फंदे से झूल रही थी। इसके बाद उसने उसे फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां चिकित्सकों ने बताया कि उसकी मौत हो चुकी है। वहीं मौत की सूचना पर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

## शार्ट न्यूज

### डीआईजी ने थाना बबीना क्षेत्र में भ्रमण,कर किया थाने का आकस्मिक निरीक्षण



**ललितपुर।** झांसी, पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र झाँसी द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के दृष्टिगत जनपद झांसी के थाना बबीना क्षेत्र का भ्रमण/पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, साथ ही साथ थाना बबीना की मूलभूत सुविधाओं, जनशक्ति, डयूटी, पत्रावलियां, रजिस्टर आदि की समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश। महिला हेल्प डेस्क पर तैनात महिला आरक्षी की कार्यदक्षता को देखकर नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र झाँसी कलानिधि नैथानी द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 की तैयारियों के क्रम में जनपद झाँसी के बबीना थाना क्षेत्र भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

### सचल जल समाधान वैन से लीकेज रिपेयर एवं तत्काल हाऊस कनेक्शन की मिलेगी सुविधा



**ललितपुर।** सचल जल समाधान वैन (जल एम्बुलेंस) को जिलाधिकारी ने दिखाई हरी झण्डी माननीय प्रधानमंत्री की अतिमहत्वाकांक्षी योजना ''जल जीवन मिशन (हर घर जल)'' के अंतर्गत आज जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सचल जल समाधान वैन'' (जल एम्बुलेंस) को कलैक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने बताया कि सरकार की महत्वाकांक्षी ''जल जीवन मिशन (हर घर जल)'' योजना का क्रियान्वयन जनपद ललितपुर में व्यापक रुप से किया जा रहा है। योजनाओं को सुचारू रूप से संचालन किये जाने हेतु अधिशासी निदेशक द्वारा प्रत्येक कार्यदायी संस्थाओं को सी0एस0आर0 फण्ड के अन्तर्गत ''सचल जल समाधान वैन''(वाटर एम्बुलेंस) उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। जनपद ललितपुर में कार्यरत कार्यदायी संस्थाओं दारा इंजीनियरिंग, सुधाकरा इन्फ्राटेक एवं जे0एम0सी0 द्वारा द्वारा कुल 3 नग ''सचल जल समाधान वैन''(वाटर एम्बुलेंस) उपलब्ध करायी गई हैं, जिन्हें आज यहां से रवाना किया जा रहा है।

# हत्यारोपी का घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

लखीमपुर-खीरी। लखीमपुर खीरी सदर कोतवाली के दुर्बल आश्रम के निकट कृष्णा नगर निवासी प्रबल शुक्ला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

दुर्बल आश्रम के निकट कृष्णा नगर निवासी प्रबल शुक्ला अपने ही बड़े भाई पूरन शुक्ला की हत्या के मामले में सात महीने बाद जेल से छूटकर आया था। घटना मंगलवार रात करीब एक से डेढ़ बजे की है। जिला अस्पताल की मोर्चरी में मौजूद मृतक के दोस्तों की मानें तो प्रबल शुक्ला अत्यधिक शराब के नशे में था। प्रबल का शव कमरे में पंखे के कुंडे से नहीं बल्कि जमीन पर पड़ा मिला, पंखे के कुंडे में सिर्फ रस्सी लटक रही थी।

घटना मंगलवार की देर रात करीब डेढ़ बजे होना बताया जा रहा है। मोहल्ला कृष्णानगर निवासी सुशील कुमार शुक्ला ओएल मेढ़क मंदिर के पास प्राइमरी स्कूल में शिक्षक थे।

# जयंत चौधरी ने गन्ना पट्टी के जाट बहुल गांवों को दौरा किया

सहारनपुर। इंडिया समूह से नाता तोड़कर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का हिस्सा बने राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) प्रमुख जयंत चौधरी ने बुधवार को यहां गन्ना पट्टी के जाट बहुल गांव भैंसवाल, कैडी गांव, जलालाबाद के बाद कई अन्य क्षेत्रों का दौरा किया और कहा जो लोग मुझसे नाराज है उन्हें मना लूंगा।

चौधरी से मिलने कई इलाके के लोग पहुंचे और जहां उन्होंने लोगों की शंका का समाधान भी किया। जिन्होंने उनके भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत गठबंधन में जाने पर आपत्ति जतायी थी।

चौधरी ने थानाभवन के विधायक



अशरफ अली खान के आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विपक्ष आज जनता से वोट मांगने की स्थिति में भी नहीं है। उन्होंने पत्रकारों द्वारा बार-बार जाटों की नाराजगी को लेकर पूछे गए सवालों पर कहा कि जाटों की बात क्यों करते हो वह भी समाज का हिस्सा है। यह ठीक है कि वह समाज में वर्चस्व के साथ रहता है और उनकी हमारी नाराजगी एवं रूठने-मनाने की बातें चलती रहती हैं। यदि कुछ लोग नाराज हैं तो मैं उन्हें मना लूंगा।

उन्होंने कहा कि हम अब सत्ता में हैं और हम किसानों के लिए और जो कुछ भी बेहतर हो सकता है उसे कराने का भरपूर प्रयास करेंगे। श्री चौधरी राजग गठबंधन में जाने के बाद आज पहली बार कैराना संसदीय क्षेत्र में दौरे पर आए। आत्मविश्वास से भरपूर और अपनी चिरपरिचित मुस्कान के साथ सहज भाव से उन्होंने अपने लोगों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना।

चौधरी ने स्पष्ट कहा कि हमें गठबंधन में बिजनौर और बागपत लोकसभा सीटें मिली हैं। अन्य सभी स्थानों पर हमारी पार्टी भाजपा उम्मीदवारों को जिताने का काम करेगी। उन्होंने कैराना सीट से घोषित भाजपा उम्मीदवार प्रदीप चौधरी का समर्थन करते हुए अपने कार्यकर्तृताओं से उन्हें जिताने की अपील की।

उन्होंने कहा कि बिजनौर सीट से हमने सुयोग्य, युवा चंदन चौहान को उम्मीदवार बनाया है। उन्हें भरोसा है कि रालोद के दोनों उम्मीदवारों समेत पश्चिम उत्तर प्रदेश में भाजपा के सभी उम्मीदवार भारी मतों से चुनाव जीतेंगे और केंद्र में फिर से नरेंद्र मोदी की ही सरकार बनेगी।

# सेवानिवृत्त दरोगा के बेटे का शव लेबर कॉलोनी में कार के अंदर पड़ा मिला

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर शहर की मधुबन विहार कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्त दरोगा राजबल के बेटे का शव आज लेबर कॉलोनी में कार के अंदर पड़ा मिला।

पुलिस मृतक के दो दोस्तों को थाना कुतुबशेर पुलिस ने हिरासत में लिया है, जो अत्यधिक नशे में मिले और दोनों कार में सवार थे, जिनसे पूछताछ चल रही है।

पुलिस हत्या या हादसे के बिंदु पर जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली सदर बाजार क्षेत्र के मधुबन विहार कॉलोनी निवासी राजबल पुलिस विभाग से दरोगा के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। पुलिस के मुताबिक उनका बेटा गौरव उर्फ अंकित (32) कार से पत्नी को गांव मल्हीपुर स्थित मायके में छोड़ने गया था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं लग पाया।

थाना कुतुबशेर पुलिस को सूचना मिली कि लेबर कॉलोनी में एक कार पुलिया से टकराकर नाले में गिर गई है। कार में पिछली सीट पर एक युवक का शव पड़ा है और दो युवक नशे में धुत हैं। शव की पहचान गौरव के रूप में हुई, जबकि नशे में धुत्त दोनों युवक उसके दोस्त थे।

### रोड किनारे मिला युवक का शव

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में एक युवक का घर से कुछ दूर पर रोड किनारे पड़ा मिला। शव के आसपास शराब के पाउच, ग्लास और पानी की बोतल मिली है। युवक मंगलवार की शाम मैनपुरी स्थित ससुराल से शाहजहांपुर आया था। पिछले करीब 13 साल से युवक ससुराल में पत्नी और बच्चों के साथ रहता था। गांव-गांव जाकर फेरी लगाने का काम करता था। शव मिलने की सूचना पत्नी को दे दी गई है।

### जमीन जोतने को लेकर विवाद में एक की हत्या

जालौन। जालौन में जमीन जोतने को लेकर परिवार के दो पक्षों में विवाद हो गया, विवाद इतना बढ़ गया कि दबंगों ने पिता-पुत्र पर लाठी डंडे से हमला बोल दिया। जिससे पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसमें पिता की मौत हो गई, जबकि पुत्र की हालत देख उसे झांसी रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। घटना सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम जखा की है। इस गांव के रहने वाले गुलाब सिंह चौहान के पास 12 बीघा जमीन है, जिन्होंने अपने तीन लड़के परशुराम सिंह 52 वर्ष ,भोले 48 वर्ष, रामकरन 45 वर्ष को तीन तीन बीघा जमीन नाम कर दी, साथ ही तीन बीघा जमीन गुलाब सिंह और उसकी पत्नी के नाम थी, जिसे गुलाब सिंह का पुत्र परशुराम दस हजार रूपये प्रति बीघा देकर जोतते थे। मंगलवार शाम को गांव के ही राजबहादुर सिंह चौहान उर्फ सांड बाबा 45 वर्ष पुत्र रघुनंदन सिंह चौहान ने अपने परिवार के ही गुलाब सिंह की पत्नी से तेरह हजार रुपए प्रति बीघा जोतने की बात करके चले गए। इसको लेकर परशुराम ने विरोध किया तो राजबहादुर से उसकी में बहस होने लगी।

### जिला अस्पताल के एनसीडी क्लीनिक में धूम्रपान निषेध दिवस का हुआ आयोजन



ललितपुर। जिला अस्पताल के एनसीडी क्लीनिक में धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धूम्रपान के हानिकारक प्रभावों पर बल दिया गया। डॉ राजीव गुप्ता ने अध्यक्षता करते हुए बताया कि सिगरेट पीने से लगभग सभी अंगों पर नुकसान पहुंचता है यदि गंभीरता को देखें तब फेफड़े का कैंसर, हृदय रोग का खतरा, प्रेगनेंसी में मुश्किलों का सामना भी करना पड़ सकता है , डॉ ऋछु दुबे ने बताया कि हमें रोज धीरे-धीरे धूम्रपान की मात्रा कम करनी चाहिए एवं अपने परिवार को स्वास्थ्य रूपी एक उपहार देना चाहिए। डॉ सौरभ देवलिया ने संचालन करते हुए बताया कि परिवार में माता-पिता से ही संस्कार बच्चों में आते हैं अत: एक अच्छा स्वास्थ्य अच्छा जीवन हमारे परिवार को हमें देना चाहिए उन्होंने बताया कि डॉ बबली साइकैटरिस्ट एवं मंजू लता यादव साइकोलॉजिस्ट की टीम अब तंबाकू पर नियंत्रण के लिए दवाई, गम एवं काउंसलिंग के माध्यम से मरीजों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए काम कर रही है कार्यक्रम को सफल बनाने में नीरज दुबे, चांदनी, पाना, मानसी आदि का सहयोग रहा द्य

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

विशाल इंडिया/ब्यूरो

**सीतापुर।** जिले के ब्लाक कसमण्डा की ग्राम पंचायत जैतनपुर के मजरा रेगांमाऊ निवासी एक बाइस वर्षीय युवक की बुधवार को ट्रेन की चपेट में आने मौत हो गई। कमलापुर कस्बा स्थित महोठेरानी के पास रेलवे लाइन पर समय लगभग 8ः15 बजे पैसेंजर ट्रेन गुज़र रही थी जिसकी चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृत हुए युवक की पहचान दीपक के रूप में हुई ।युवक के मौत की खबर सुनते ही घर मे कोहराम मच गया मौके पर आरपीएफ स्टाफ व थाना कमलापुर कस्बा इंचार्ज तेज बहादुर सिंह कांस्टेबल विचित्र कुमार गौतम मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया ।मामला स्थानीय पुलिस थाने के अन्तर्गत होने पर पुलिस जवानों के साथ मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सीतापुर भेजवाया। उन्होंने बताया कि मृतक युवक की शिनाख्त बाइस वर्षीय दीपक पुत्र विनोद के रूप में हुई ।पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस दर्ज कर घटना के कारणों की जांच में जुटी गई। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है ।घटना की सूचना पर पहुंचे मृतक के पिता व अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है ।मृतक के पिता विनोद बेटे के शव को इस हालत में देखकर फूट-फूट कर रो पड़े। जिन्हें अन्य परिजनों ने संभाला।

### मथुरा में फिर हुई खुलेआम फायरिंग

मथुरा। मथुरा में टेरर दिखाने के चक्कर में युवा होश खो रहे हैं। यहां 15 दिन के अंदर खुलेआम फायरिंग के 3 वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। नया मामला थाना हाई वे क्षेत्र का है। जहां शादी समारोह में एक युवक खुलेआम अपनी लाइसेंस रिवाल्वर से फायरिंग करता दिख रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मथुरा के थाना हाई वे क्षेत्र में गोवर्धन रोड पर एक युवा हाथों में रिवाल्वर लिए दिखाई दे रहा है। काली शर्ट पहने यह युवक शादी समारोह में एक तरफ जाता है और रिवाल्वर से फायरिंग करने लगता हैं। पहले फायर करते समय रिवाल्वर लॉक है जिससे उसका फायर मिस हो जाता है। इसके बाद वह अनलॉक कर एक के बाद एक 6 फायर करता है। रिवॉल्वर लिए हुए युवक जब पहला फायर करता है उसी समय एक युवक सफेद शर्ट पहने उसके पास आता है। इसी दौरान काली शर्ट पहने हुए युवक फायरिंग कर देता है। जिससे सफेद शर्ट पहने हुए युवक बाल बाल बचता है और नीचे झुक जाता है।

### कन्नौज में दलित किशोरी से गैंगरेप

**कन्नौज।** कन्नौज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पानी की टंकी के निर्माण कार्य में लगे मजदूरों ने शराब के नशे में किशोरी से गैंगरेप किया। तीनों आरोपी उसको पंचायत भवन में ले गए और फिर बारी-बारी दुष्कर्म किया। मामले की जानकारी होने पर किशोरी के पिता ने मजदूरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। जिसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने दबिश दी और तीनों को पकड़ लिया। सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पेयजल योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है। जहां कुछ मजदूर काम करते हैं। ऐसे में 1 दिन पहले गांव की रहने वाली 13 वर्षीय किशोरी देर शाम खेतों की ओर जा रही थी। जिसको मजदूरों ने अगवा कर लिया और गांव के बाहर बने पंचायत भवन में ले गए। जहां 3 मजदूरों ने उसके साथ बारी-बारी रेप किया। किशोरी ने चीखने-चिल्लाने का प्रयास किया तो मजदूरों ने उसका मुंह दबा लिया। मजदूरों के चंगुल से छूटने के बाद घर पहुंची पीड़िता ने परिजनों को घटना के बारे में बताया।

# आजमगढ़ में हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**आजमगढ़।** आजमगढ़ कोर्ट ने हत्या के मामले में सुनवाई पूरी करने बाद आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने इस मामले में बीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया था। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर 5 संतोष कुमार यादव ने बुधवार को सुनाया। अभियोजन कहानी के अनुसार वादिनी मुकदमा माया देवी निवासिनी गजोर थाना मेंहनगर के पति सकलदीप चौहान की मेहनगर तहसील के पास एक दुकान थी। माया देवी अपने पति शकलदीपके साथ 11 दिसंबर 2021 की शाम सात बजे दुकान से गांव वापस जा रही थी। तभी रास्ते में माया देवी के गांव के पट्टीदार सूरज चौहान पुत्र प्रदीप चौहान ने गांव के पास उनका रास्ता रोक लिया। सूरज चौहान ने लोहे की राड से सकलदीप के सर पर प्रहार किया।जिससे सकलदीप का सर फट गया। बुरी तरह से घायल सकलदीप को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जांच पूरी करने के बाद सूरज चौहान के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में प्रेषित किया।

इस मामले में अभियोजन पक्ष की तरफ से सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रमोद कुमार सिंह ने माया देवी, सौरभ चौहान उर्फ अमन चौहान, डॉक्टर मोहम्मद आसिफ,गौरव चौहान,उप निरीक्षक विमल प्रकाश राय तथा उप निरीक्षक शिवप्रसाद मिश्र को बतौर गवाह परीक्षित कराया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपी सूरज चौहान को आजीवन कारावास तथा बीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

### ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार की मौत

**गोण्डा।** उत्तर प्रदेश में गोण्डा जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को गिट्टी लदे ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक की मृत्यु हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली देहात क्षेत्र के दुर्गगोड़वा गांव का निवासी दयानन्द तिवारी (55) मोटरसाइकिल से गोण्डा की ओर आ रहा थे। तभी रास्ते में एससीपीएम पुलिस चौकी के पास पीछे से आ रहे बेकाबू ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल सवार दयानन्द गभीर रूप से घायल हो गए। घायल दयानन्द ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। आरोपी ट्रक चालक की तलाश में पुलिस जुटी है।

# फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 19 मार्च को मौलाना तौकीर को गिरफ्तार कर पेश करने के दिये आदेश

बरेली। उत्तर प्रदेश में बरेली पुलिस अभी तक फरार चल रहे इत्तेहाद-ए-मिल्लत परिषद (आईएएमसी) संस्थापक मौलाना तौकीर रजा खान को पकड़ने में असफल रही है। इसी के मद्देनजर फास्ट ट्रैक कोर्ट ने बुधवार अपराह्न सुनवाई करते हुए पुलिस को 19 मार्च तक मौलाना को अदालत में पेश करने का आदेश दिया है।

तौकीर रज़ा खान एक भारतीय राजनीतिज्ञ और उत्तर प्रदेश राज्य के इस्लामी धर्मगुरु हैं। वह बरेली मसलक के एक धार्मिक नेता और राजनीतिक दल आईएएमसी संस्थापक भी है।

पुलिस 2010 के दंगे से फरार चल रहे मुख्य आरोपी मौलाना तौकीर को अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पायी है और न ही अदालत में पेश कर सकी है।

अतिरिक्त जिला न्यायाधीश



(एडीजे) फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम रवि कुमार दिवाकर ने वरिषठ पुलिस अधीक्षक बरेली को मौलाना तौकीर को गिरफ्तार कर 19 मार्च को अदालत में पेश करने का आदेश दिया है। इसकी कॉपी एडीजी और जिलाधिकारी को भेजी गई है।

आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर को वर्ष 2010 के बरेली दंगे का मुख्य आरोपी मानते हुए एडीजे प्रथम कोर्ट ने सोमवार को तलब किया था। समन तामील कराने का आदेश निरीक्षक प्रेमनगर आशुतोष रघुवंशी को दिया था। निरीक्षक ने समन तामील नहीं करा पाया। इसके बाद अदालत ने मौलाना तौकीर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर 13 मार्च तक गिरफ्तारी के आदेश सीओ प्रथम संदीप सिंह को दिया। मौलाना की लोकेशन दिल्ली में मिलने पर एसएसपी के निर्देश पर सीओ प्रथम संदीप सिंह स्पेशल पुलिस टीम लेकर दिल्ली पहुंचे, लेकिन तौकीर को गिरफ्तार नहीं कर पाये।

अदालत ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि क्या देश में प्रभावशाली व्यक्तियों के लिए कोई कानून नहीं है। कोई आम आदमी होता अब तक जेल में होता।

जिले की कानून व्यवस्था और पुलिस के लिए चुनौती बनने वाला मौलाना तौकीर गैर जमानती वारंट होने के बावजूद खुलेआम घूम रहा है।

# खेलकूद और विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों में एक नई स्फूर्ति होती है पैदा

विशाल इंडिया/ब्युरो

**सीतापुर।** स्थानीय ज़िला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैराबाद में गत दिवस ब्लॉक खैराबाद के जूनियर और कम्पोजिट विद्यालयों के कक्षा छः सात आठ के बच्चों के लिए राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी पुष्पराज सिंह की अध्यक्षता में डायट खैराबाद के सभागार में किया गया।

प्रतियोगिता तीन चरणों में संपन्न हुई। प्रथम चरण में कुल एक सौ उन्चास छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रथम चरण में कुल बीस प्रश्न बहुविकल्पीय पूछे गए।

द्वितीय चरण में प्रथम चरण के टॉप एक सौ छात्रों ने प्रतिभाग किया। जिनसे कुल तेरह प्रश्न जिनमे दस बहु विकल्पीय प्रश्न तथा तीन अतिलघु/ लघुउत्तरीय प्रश्न पूछे गए।

तृतीय चरण में द्वितीय चरण के टॉप अट्ठाइस छात्रों का चयन किया गया । इन अट्ठाइस छात्रों का साक्षात्कार कर टॉप टेन छात्रों का चयन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागी सभी एक सौ उन्चास छात्रों को खड शिक्षा अधिकारी द्वारा स्टेशनरी,प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का प्रमाण पत्र द्वितीय चरण में पहुंचे एक सौ छात्रों को ज्यामितीय बाक्स टाप टेन छात्रों को मेडल व नकद धनराशि,टाप पांच अशरफपुर विद्यालय से रेसुल कक्षा छः भगवानपुर बिनौरा विद्यालय से अरुण कक्षा आठ हुसैनपुर कैमहरा विद्यालय से कुंदन कक्षा आठ कंपोजिट विद्यालय भगवतीपुर से जस्टिस चौहान दृष्टि चौहान कक्षा सात एवं हुसैनपुर कैमरा विद्यालय से रमाकांत कक्षा आठ को स्मृति चिन्ह तथा जिला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए क्रियाकारी विज्ञान माडल निर्माण हेतु इक्किस सौ रुपए प्रति प्रतिभागी नकद धनराशि प्रदान की गई । कार्यक्रम के मध्यावकाश में सभी प्रतिभागी छात्रों को भोजन कराया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी ने छात्रों को एक्सपोजर विजिट के बारे मे बताया द्वितीय चरण की परीक्षा देने वाले एक सौ छात्रों की एक्स्पोज़र विजिट करायी जायेगी जिसके लिए शीघ्र ही तिथि घोषित कर सभी छात्रों को सूचित कर दिया जाएगा।

इस अवसर पर ए आर पी टीम से राकेश कुमार, विवेक कुमार द्वारा सहयोग प्रदान किया गया ।प्रतियोगिता का संचालन, निर्देशन एआरपी गणित अरविन्द वर्मा तथा एआरपी विज्ञान अनुपम दीक्षित के द्वारा किया गया। बीआरसी स्टाफ से पंकज रावत एकाउंटेंट बृजेश दीक्षित कंप्यूटर आपरेटर,रमेश रस्तोगी,प्रमोद कुमार संजय कुमार,जूनियर शिक्षक संघ मंत्री जहीर आलमअंसारी,संकुल शिक्षक धरैंचा मोहम्मद यूसुफ,आदि के द्वारा व्यवस्थागत सहयोग प्रदान किया गया।

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर केमिकल लदा वाहन पलटा, एक की मौत छह घायल

मऊ। उत्तर प्रदेश में मऊ जिले के रानीपुर थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर केमिकल लदी डीसीएम वाहन का टायर फटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहाँ चिकित्सकों ने चार की हालत गम्भीर देखते हुए वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। पुलिस के अनुसार केमिकल लदा डीसीएम वाहन आजमगढ़ सड़क मरम्मत के लिए ले जा रहा था। अचानक रानीपुर थाना क्षेत्र के विनोदपुर गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर टायर फट गया, जिससे गाड़ी पलट गई। टायर फटने से उसमें सवार गजांशु (21) निवासी खगड़िया की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि सूरज (20), मिथिलेश (22), रिसव (19) पुत्र कैलाश निवासी खगड़िया और अनन्त कुमार (25) निवासी बेगूसराय गम्भीर रूप से घायल हो गए।

### छात्र-छात्राओं को वितरित किए गए स्मार्टफोन

विशाल इंडिया/पुनीत मिश्रा



सीतापुर। जिले के कस्बा लहरपुर में स्थित हाजी नवाब अली डिग्री कॉलेज लहरपुर में छात्रों को नि:शुल्क स्मार्ट फोन वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश सरकार के कारागार मंत्री सुरेश राही उपस्थित हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता हरगांव ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा ने की। कॉलेज के प्रबंधक मोहम्मद जुबेर ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया कार्यक्रम का संचालन कौशल आनंद ने किया इस मौके पर वक्ताओं ने स्मार्टफोन के शैक्षिक प्रयोग के महत्व पर चर्चा की। मुख्य अतिथि कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों और छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि हमारे देश के नवयुवक अच्छी शिक्षा प्राप्त कर होनहार और काबिल नागरिक बनकर देश और समाज की बेहतर सेवा के लायक बन सकें। उन्होंने कहा कि छात्रों को स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराने का उद्देश्य यही है कि हमारे बच्चे स्मार्टफोन के सहयोग से इंटरनेट और गूगल आदि के माध्यम से विभिन्न विषयों की बहुत सी जानकारियां हासिल करके हमारे बच्चे भी जमाने के कदम से कदम मिलाकर रफ्तार की दौड़ में शामिल होकर आगे बढ़ सके सभी छात्र स्मार्ट फोन का प्रयोग शैक्षिक कार्य के लिए ही करे तो बेहतर होगा। क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं हरगांव ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव सभी की तरक्की और खुशहाली का कार्य कर रही है समाज सभी वर्गों को समान रूप से कल्याणकारी योजनाओं में सम्मिलित किया जा रहा है स्मार्ट फोन सभी को प्राप्त कराए जा रहे हैं।

## स्पेनिश तट के पास प्रवासी नाव पर 7 लोगों की मौत, दर्जनों अस्पताल में भर्ती

मैड्रिड। स्पेन के ग्रैन कैनरिया द्वीप से लगभग 140 किलोमीटर दक्षिण में मंगलवार सुबह एक प्रवासी नाव को बचाए जाने के बाद कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्पेनिश समुद्री बचाव सेवाओं ने यह जानकारी दी। बचाव सेवाओं ने कहा कि जब जहाज पर सवार प्रवासी स्पेनिश तट तक पहुंचने का प्रयास कर रहे थे उसी दौरान ये मौतें गंभीर निर्जलीकरण के कारण हुईं। नाव को एक व्यापारी जहाज ने सोमवार को लगभग शाम आठ बजे देखा, जिसने बचाव सेवाओं को सतर्क कर दिया। सहायता के लिए दो हेलीकॉप्टर और एक बचाव जहाज भेजा गया। प्रवासी नाव पर दो शव मिले, जबकि 34 जीवित बचे थे, जिनमें 27 पुरुष और सात महिलाएं थीं। वे उप-सहारा अफ्रीका से बताए गए हैं। जीवित बचे लोगों ने बताया कि अफ्रीका के उत्तर-पश्चिमी तट से खतरनाक पार करते समय पांच व्यक्तियों की मौत हो गई थी, उनके शरीर समुद्र में फेंक दिए गए थे। कैनरी आइलैंड्स आपातकालीन सेवाओं और रेड क्रॉस ने घाट पर जीवित बचे लोगों के इलाज के लिए एक आपातकालीन केंद्र की स्थापना की। उनमें से अधिकांश गंभीर निर्जलीकरण से पीड़ित थे, जिनमें से दो 24 वर्षीय पुरुषों की हालत गंभीर है। एल हिएरो द्वीप के दक्षिणी तट पर 6 मार्च को एक और प्रवासी जहाज देखा गया। उसमें सवार लोगों में से पांच लोगों की मौत हो गई और 15 को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## गाजा में फिलिस्तीनियों की मौत का आंकड़ा बढ़कर 31,184 हुआ

गाजा। गाजा पट्टी पर जारी इजरायली हमलों के कारण मारे गये फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 31,184 हो गई है। गाजा स्थित फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पिछले 24 घंटों के भीतर इजरायली सेना की कार्रवाई में 72 फिलिस्तीनी मारे गये और 129 अन्य घायल हो गये। इन्हें मिलाकर 07 अक्टूबर, 2023 को इजरायल-हमास संघर्ष की शुरुआत के बाद से मरने वालों की कुल संख्या 31,184 और घायलों की संख्या 72,889 हो गयी है। चिकित्सा सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दक्षिणी गाजा शहर में कुवैती चौराहे पर सहायता की प्रतीक्षा कर रहे फिलिस्तीनियों की एक सभा पर इजरायली सैनिकों द्वारा की गई गोलीबारी के बाद नौ लोग मारे गए और कुछ अन्य घायल हो गए। इज़रायली सेना की ओर से इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं आई है।

## दक्षिण सीरिया में इज़रायली हमलों में 2 विदेशी मारे गये

दमिश्क। दक्षिणी सीरियाई प्रांत कुनेइत्रा में इजरायली हवाई हमलों में दो लोग मारे गए। इनके बारे में माना जा रहा है कि वे विदेशी आतंकवादी थे। युद्ध पर निगरानी करने वाली संस्था सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार मारे गये लोगों की पहचान स्पष्ट नहीं है लेकिन माना जा रहा है कि या तो लेबनानी हिजबुल्लाह या ईरानी मिलिशिया से जुड़े हुए हैं। ब्रिटेन स्थित निगरानी समूह ने कहा कि हवाई हमलों ने कुनीत्रा ग्रामीण इलाके में खान अर्नबेह के उत्तर में स्थित तेल अहमर क्षेत्र में दो स्थानों को निशाना बनाया। संस्था ने कहा कि इस घटना से पहले इजरायल के कब्जे वाले गोलान हाइट्स के साथ सीरियाई सीमा के करीब ईन अल-नौरिया क्षेत्र के पास एक अन्य स्थान को सीधे इजरायल द्वारा लक्षित किया गया था।

## पश्चिमी इंडोनेशिया में बाढ़, भूस्खलन से 32 लोगों की मौत

जकार्ता। इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा प्रांत में बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है। देश की राष्ट्रीय आपदा शमन एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एजेंसी के अनुसार प्रांत की 12 रीजेंसी में से पांच ने 1,500 से अधिक घर, 50 से अधिक पूजा केंद्र और 10 से अधिक सड़कें बाढ़ और भूस्खलन से क्षतिग्रस्त होने के बाद आपदा, आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है। पिछले गुरुवार को पश्चिमी सुमात्रा में मूसलाधार बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के कारण 70 हजार से अधिक निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। इंडोनेशिया में बरसात के मौसम के दौरान अक्सर जल-मौसम संबंधी आपदाओं का अनुभव होता है।

## उत्तरी पाकिस्तान में गैस विस्फोट में 2 की मौत, 2 घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तरी रावलपिंडी शहर में मंगलवार को गैस रिसाव के कारण हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। रावलपिंडी पुलिस ने मीडिया को बताया कि यह घटना शहर के डाउनटाउन इलाके में एक घर के अंदर हुई और मरने वालों में बच्चे भी शामिल हैं, जो शुरू में गंभीर रूप से झुलस गए और बाद में शहर के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने कहा कि घायल लोग भी गंभीर रूप से घायल हैं और घटना की जांच चल रही है। पुलिस ने बताया कि गैस रिसाव के कारण घर का एक हिस्सा आंशिक रूप से ढह गया।

## पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में भारी बारिश के बीच सात लोग लापता

सिडनी। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में पिछले दिनों हुई बारिश के कारण इस बाहरी ऑस्ट्रेलियाई राज्य में अचानक बाढ़ आने से चार बच्चों सहित सात लोगों के लापता होने की सूचना मिली है। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया पुलिस बल ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि रविवार को रवाना हुए दो वाहनों में सवार सात लोगों के लिए 'सुरक्षित होने को लेकर गंभीर चिंताएं' व्यक्त कीं। माना जाता है कि एक ऑटोमोबाइल में एक बुजुर्ग ड्राइवर था, जबकि दूसरे में एक बुजुर्ग ड्राइवर और पांच अन्य लोग सवार थे, जिनमें से चार सात से 17 साल की उम्र के बच्चे हैं। राज्य पुलिस ने कहा, 'मौसम की गंभीर स्थिति के कारण इन दोनों वाहनों में सवार लोगों के लिए चिंताएं हैं। यह अज्ञात है कि उनमें सवार लोगों के पास कितना भोजन और पानी है।'

## इंडोनेशिया में जहाज डूबने से दो की मौत, 24 लापता

जकार्ता। इंडोनेशिया में दक्षिण सुलावेसी प्रांत के जलक्षेत्र में एक जहाज के डूबने से दो मछुआरों की मौत हो गई और 24 अन्य लापता हो गए है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय खोज और बचाव कार्यालय के एक प्रेस अधिकारी मुहम्मद नूरसल ने कहा कि शनिवार को प्रांत के सेलयार द्वीपों के पास पानी में नौकायन करते समय जहाज भारी लहरों की चपेट में आ गया था। इस घटना का पता द्वीपों के निवासियों को मंगलवार को स्थानीय समयानुसार शाम 19:00 बजे चला जहां पीड़ति फंसे हुए थे। उन्होंने फोन के जरिए बताया, ''तुरंत खोज और बचाव अभियान चलाया गया है। हमारी टीम अब घटनास्थल पर जा रही है।'' उन्होंने बताया कि 37 लोगों को लेकर मछली पकड़ने वाला जहाज पश्चिमी इंडोनेशिया के जकार्ता से मध्य इंडोनेशिया के जलक्षेत्र के लिए रवाना हुआ था। श्री नूरसल ने कहा, ''सेलयार द्वीप पर 13 लोग फंसे हुए हैं, जिनमें से दो की मौत हो चुकी है।' इंडोनेशियाई मौसम विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी ने द्वीपसमूह देश इंडोनेशिया में चरम मौसम की चेतावनी दी है।

## चीन के रेस्तरां में विस्फोट, एक की मौत, 22 घायल

बीजिंग। चीन के हेबेई प्रांत के सान्हे शहर में बुधवार को एक रेस्तरां में हुए जबरदस्त धमाके में कम से कम दो लोगों की मौत हुई है, वहीं 26 लोग घायल हुए हैं। बताया गया है कि धमाका इतना तेज था कि आसपास की कई कारों और इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा है। चीनी मीडिया की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, यह घटना स्थानीय समयानुसार सुबह 8 बजे बीजिंग से करीब 80 किमी दूर सान्हे शहर में हुई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, विस्फोट एक गैस सिलेंडर के लीकेज के बाद हुआ। चीन के राहत-बचाव विभाग ने कहा कि लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए 36 वाहन और 154 बचावकर्मियों को तैनात किया गया है। इसके बाद आग को काबू में कर लिया गया। गौरतलब है कि बीजिंग में कुछ उच्चस्तरीय बैठकों के ठीक बाद ही इस धमाके की खबर आई है।



स्लोवाकिया में सरकार की नीतियों का विरोध करते हुए और यूक्रेन के समर्थन में नारेबाजी करते हुए लोग।

## बाइडन और ट्रंप ने जीते राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के चुनाव, दोनों फिर होंगे आमने-सामने

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने वाशिंगटन में डेमोक्रेटिक प्राइमरी चुनाव में, वहीं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रिपब्लिकन प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल कर अपनी पार्टियों की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की ओर कदम बढ़ा दिया है। राष्ट्रपति बाइडन (81) ने जॉर्जिया में पार्टी के प्राइमरी चुनाव में आसानी से जीत हासिल की और अब वह राष्ट्रपति चुनाव के लिए पार्टी के संभावित उम्मीदवार बन गए हैं। बाइडन को कुल 3,933 डेलीगेट्स (मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले पार्टी सदस्य) में से आध से अधिक का समर्थन मिल चुका है। डेमोक्रेट उम्मीदार बनने के लिए 1,968 डेलीगेट्स की जरूरत होती है। बाइडन को अगस्त में शिकागो में 'डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन' के दौरान औपचारिक रूप से पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया जाएगा। ट्रंप (77) को अब तक 1,215 डेलिगेट का समर्थन मिल चुका है। ट्रंप को जुलाई में मिल्वॉकी में 'रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन' में आधिकारिक तौर पर उम्मीदवार घोषित किया जाएगा। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने बाइडन का अपनी पार्टी का उम्मीदवार बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की। वहीं बाइडन की ओर से एक बयान जारी करके जीत तथा उम्मीदवारी पर प्रसन्नता व्यक्त की गई और ट्रंप को लोकतंत्र के लिए खतरा करार दिया गया। बाइडन ने कहा कि ट्रंप, 'आक्रोश, प्रतिशोध का अभियान चला रहे हैं जो अमेरिका के मूल विचार को खतरे में डालता है।' मंगलवार को प्राइमरी चुनाव की पूर्व संध्या पर ट्रंप ने स्वीकार किया था कि बाइडन ही उनके सामने डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार होंगे।



# 5 दिवसीय यात्रा पर भारत आएंगे भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे, पीएम मोदी के सामने बयां कर सकते हैं दर्द




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भूटान के प्रधान मंत्री शेरिंग टोबगे जनवरी में शीर्ष कार्यालय का कार्यभार संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा में गुरुवार से भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर आएंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने 14 से 18 मार्च तक भूटानी नेता की यात्रा की घोषणा करते हुए कहा कि टोबगे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के साथ व्यापक वार्ता करेंगे और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। भूटानी नेता का मुंबई जाने का भी कार्यक्रम है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भूटान के प्रधान मंत्री की यात्रा दोनों पक्षों को हमारी अनूठी साझेदारी में प्रगति की समीक्षा करने और भारत और भूटान के बीच मित्रता और सहयोग के स्थायी संबंधों का विस्तार करने के तरीकों और साधनों पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करेगी।

टोबगे के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा जिसमें भूटानी विदेश और विदेश व्यापार मंत्री, ऊर्जा मंत्री और उद्योग और वाणिज्य मंत्री शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और भूटान के बीच सभी स्तरों पर विश्वास, सद्भावना और आपसी समझ पर आधारित मित्रता और सहयोग के अनुकरणीय संबंध हैं। यात्रा के दौरान, भूटान के प्रधान मंत्री राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे और भारत के प्रधान मंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर भूटानी प्रधानमंत्री से मुलाकात करेंगे। जनवरी में, विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने तीन दिवसीय यात्रा पर भूटान की यात्रा की, जो टोबगे के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के बाद नई दिल्ली से पहली उच्च स्तरीय यात्रा थी।

चीन और भूटान की पृष्ठभूमि में टोबगे की भारत यात्रा उनके सीमा विवाद के शीघ्र समाधान पर विचार कर रही है जिसका भारत के सुरक्षा हितों पर प्रभाव पड़ सकता है। लगभग पांच महीने पहले, भूटान के तत्कालीन विदेश मंत्री टांडी दोरजी ने बीजिंग में अपने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ बातचीत की थी। वार्ता पर एक चीनी रीडआउट में कहा गया कि भूटान दृढ़ता से एक-चीन सिद्धांत का पालन करता है और सीमा मुद्दे के शीघ्र समाधान के लिए चीन के साथ काम करने और राजनयिक संबंध स्थापित करने की राजनीतिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। चीन की तरफ से अपने पड़ोसियों पर हमेशा बुरी नजर रखता है। चीन की जमीन हड़पने की नीति से ताइवान, भूटान, नेपाल सभी परेशान हैं। भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे पीएम पद संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के तहत बृहस्पतिवार को भारत के पांच दिवसीय दौरे पर आएंगे। इस दौरान शेरिंग पीएम मोदी के सामने अपना दर्द बयां कर सकते हैं।

## संप्रभुता व स्वतंत्रता को हुआ खतरा तो रुस करेगा परमाणु हथियार का इस्तेमालः पुतिन



**मास्को (एजेंसी)।** रुस पर यदि संप्रभुता और स्वतंत्रता को लेकर किसी प्रकार का कोई खतरा उत्पन्न होता है तो परमाणु हथियार का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। इस आशय का जवाब रुस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दिया है। दरअसल यूक्रेन के खिलाफ परमाणु हथियारों के इस्तेमाल पर विचार करने का सवाल रूसी राष्ट्रपति पुतिन से किया गया था। उन्होंने अपने जवाब में कहा, कि यहां फिलहाल उसकी (परमाणु हथियारों की) जरूरत नहीं है। पुतिन ने दावा किया है कि मॉस्को यूक्रेन में अपने मकसद को पूरा करेगा। इसी के साथ उन्होंने यूक्रेन और पश्चिमी देशों को चेतावनी दी कि यदि रूस की संप्रभुता और स्वतंत्रता पर खतरा उत्पन्न होता है तो वह परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने के लिए भी तैयार है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों की मदद के चलते ही यूक्रेन, रूस पर हमलावर हो रहा है।

राष्ट्रपति पुतिन ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा, कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिका इस तनावपूर्ण स्थिति में जबकि परमाणु युद्ध शुरू हो सकता है, को बढ़ने से रोकने की कोशिश अवश्य ही करेगा। वैसे रूस का परमाणु बल किसी भी स्थिति के लिए पूरी तरह तैयार है। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि उन्होंने बातचीत के लिए हमेशा दरवाजे खेले रखे हैं। इस स्थिति में पश्चिमी देशों के साथ किसी भी प्रकार के समझौते के लिए पक्की गारंटी की आवश्यकता होगी।

## अमेरिका को प्रवासी भारतीयों की जरूरत है : सांसद

वाशिंगटन। अमेरिका के एक प्रभावशाली सांसद ने कहा है कि उनके देश को भारत से अधिक योग्य पेशेवरों की जरूरत है। सांसद मैट कार्टराइट ने ग्रीन कार्ड जारी करने के वास्ते देश के लिए सात प्रतिशत कोटा खत्म करने की भी वकालत की। इसकी वजह से भारत से यहां आने वाले पेशेवरों को ग्रीन कार्ड के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। कार्टराइट ने हर साल ग्रीन कार्ड जारी करने में प्रति देश सात प्रतिशत कोटा हटाने की 'फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा' (एफआईआईडीएस) सहित भारतीय अमेरिकी संगठनों की मांग का समर्थन किया। उन्होंने कहा, ''समस्या यह है कि हमने इसे हर देश के लिए सात प्रतिशत तक सीमित कर दिया है। इससे भारत जैसे बड़े देशों को बहुत नुकसान होता है। न केवल बड़े, बल्कि अत्यधिक कुशल भी। भारत में अत्यधिक शिक्षित लोग हैं ।5 एक सवाल के जवाब में सांसद ने कहा कि यह जरूरी है कि अमेरिका की भारत के साथ करीबी और स्थायी दोस्ती हो। कार्टराइट ने कहा, ''दोनों देशों के बीच होने वाला अंतरराष्ट्रीय व्यापार महत्वपूर्ण है।

## पृथ्वी के आकार से दोगुना बडा तूफान है अंतरिक्ष में

### -अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का दावा

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** हाल ही में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अपने अंतरिक्ष यान जूनो द्वारा ली गई बृहस्पति पर 'ग्रेट रेड स्पॉट' की एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। बृहस्पति पर ग्रेट रेड स्पॉट, एक तूफान है जो पृथ्वी के आकार से दोगुना है और 350 से अधिक वर्षों से अस्तित्व में है।

नासा ने इंस्टाग्राम पर तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, 'हमारे अंतरिक्ष यान जूनो ने लगभग 8,648 मील (13,917 किमी) दूर से बृहस्पति के ग्रेट रेड स्पॉट को इस रियल रंगीन चित्र में कैद किया।' उन्होंने कहा कि तूफान का आकार धीरे-धीरे घट रहा है। इसकी ऊंचाई आठ गुना और चौड़ाई एक तिहाई कम हो रही है। नासा ने यह भी बताया कि, 'वैज्ञानिकों का मानना है कि हमारे सौर मंडल का सबसे प्रतिष्ठित तूफान 350 से अधिक वर्षों से जारी है, हालांकि डेटा से पता चलता है कि तूफान सिकुड़ रहा है, इसकी ऊंचाई आठ गुना कम हो रही है और इसकी चौड़ाई कम से कम एक तिहाई कम हो रही है, क्योंकि इसे 1979 में हमारा वोयाजर अंतरिक्ष यान द्वारा मापा गया था। उसके बाद से इसके आकार में कमी देखी गई। नासा ने आगे लिखा कि, 'द ग्रेट रेड स्पॉट अभी भी पृथ्वी से दोगुना बड़ा है, और जूनो के हालिया रिसर्च से संकेत मिलता है कि तूफान इस ग्रह के बादलों के नीचे लगभग 200 मील (300 किमी) तक डूबा हुआ है। चूंकि बृहस्पति पर कोई ठोस जमीन नहीं है, जो इन तूफानों को कमजोर कर सके, ग्रेट रेड स्पॉट में हवाएं लगभग 400 मील प्रति घंटे (643 किलोमीटर प्रति घंटे) की रफ्तार से चलती हैं।' नासा द्वारा साझा की गई तस्वीर के बीच में ग्रेट रेड स्पॉट दिखाती है, जो लाल, भूरे और नारंगी रंग के सर्पिल तारों से घिरा हुआ है। चित्र का ऊपरी भाग बृहस्पति के क्षितिज को विषम बेज, भूरे और नीले रंग में दिखाता है। बता दें कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा अक्सर हमारे ग्रहों, आकाशगंगाओं और उससे आगे की अंतरिक्ष की तस्वीरें शेयर करते रहता है, जिससे हमे ब्रह्मांड के बारे में कई रहस्यमयी जानकारियां मिलती है।

# पाकिस्तानः चाचा पीएम बने तो भतीजों की हुई वतन वापसी



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान की राजनीति में जो भी प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठता है उसे बाद में कई तरह के संकटों का सामना करना पड़ता है। नवाज शरीफ के पीएम पद से हटते ही उन्हें कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा। अब पाकिस्तान की सत्ताधारी मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सुप्रीम लीडर नवाज शरीफ के बेटे हुसैन और हसन छह साल बाद देश लौट आए हैं। हुसैन और हसन की पाकिस्तान वापसी ऐसे समय में हुई है जब उनके चाचा शहबाज शरीफ ने पहली बार चुनाव जीतकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद की कमान संभाली है। 2016 के पनामा पेपर्स घोटाले में नाम आने के बाद हसन नवाज और हुसैन नवाज ने 2018 में पाकिस्तान छोड़ दिया था। यह मामला शरीफ परिवार के पास लंदन में शानदार अपार्टमेंट होने से संबंधित है। एक जवाबदेही अदालत ने उन्हें 2018 में एवेनफिल्ड मामले में अपराधी घोषित किया था और उनके खिलाफ गैर-जमानती स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

गिरफ्तारी से बचने के लिए वे लंदन चले गए थे। हालांकि जवाबदेही अदालत ने पनामा पेपर्स घोटाले में उनकी गिरफ्तारी वारंट को निलंबित कर दिया है। पीएमएल-एन पार्टी ने एक बयान में कहा, ''नवाज के बेटे मंगलवार को लंदन से यहां पहुंचे और उन्हें कड़ी सुरक्षा में उनके 'जाति उमरा लाहौर' स्थित उनके घर ले जाया गया। नवाज शरीफ पीएमएल-एन के प्रमुख हैं। शरीफ परिवार के 'जाति उमरा' आवास को पहले ही मुख्यमंत्री आवास घोषित किया जा चुका है, जहां पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज और उनके पिता नवाज शरीफ की सुरक्षा और प्रोटोकॉल के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। हुसैन और हसन ने अपने वकील के माध्यम से इस्लामाबाद जवाबदेही अदालत में आवेदन किया और एवेनफील्ड अपार्टमेंट, अल-अजीजिया और 'फ्लैगशिप इन्वेस्टमेंट' मामलों में उनके खिलाफ जारी वारंट को निलंबित करने का अनुरोध किया जिसे स्वीकार कर लिया गया। पिछले हफ्ते अदालत ने पनामा पेपर्स घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के तीन मामलों में उनके गिरफ्तारी वारंट को 14 मार्च तक के लिए निलंबित कर दिया था। दोनों भाई ब्रिटिश नागरिक हैं। इन दोनों को 2018 में उनके पिता नवाज शरीफ, बहन मरियम नवाज और उनके पति मुहम्मद सफदर के साथ इन मामलों में फंसाया गया था।

# यूक्रेन को 30 करोड़ डॉलर का नया हथियार पैकेज भेजेगा अमेरिका

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका यूक्रेन को 30 करोड़ डॉलर (23.4 करोड़ पाउंड) के सैन्य हथियार भेजेगा, जिसमें गोला-बारूद, रॉकेट और विमान भेदी मिसाइलें शामिल हैं। मीडिया रिपोर्टों में व्हाइट हाउस के हवाले से यह बात कही गई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को अमेरिकी कांग्रेस में इस संबंध में एक विधेयक पेश कर उस पर चर्चा की गई। अमेरिका लगभग तीन महीने बाद यूक्रेन की मदद के लिए कोई शिपमेंट भेजेगा। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि यह सहायता 'यूक्रेन की युद्धक्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है'। उन्होंने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, 'यह गोला-बारूद यूक्रेन की बंदूकों को कुछ समय के लिए रुकने नहीं देगा, लेकिन काफी कम समय के लिए।' बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, व्हाइट हाउस कई महीनों से कांग्रेस से एक बजट पारित करने की अपील कर रहा है, जिसमें यूक्रेन के साथ-साथ इज़रायल और ताइवान को भी सहायता दिये जाने की बात है। 60 अरब डॉलर का सहायता बिल पहले ही सीनेट में पारित हो चुका है, लेकिन अभी तक प्रतिनिधि सभा में इसे मतदान के लिए नहीं रखा गया है। सदन के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने अब तक सीनेट विधेयक पर विचार करने से इनकार कर दिया है। डोनाल्ड ट्रम्प के सहयोगी जॉनसन ने कहा है कि सदन अपने स्वयं के सहायता विधेयक पर मतदान करेगा, लेकिन केवल कांग्रेस द्वारा अमेरिकी आव्रजन प्रणाली में सुधार करने वाला बजट पारित करने के बाद। मंगलवार का हथियारों और उपकरणों का आपातकालीन पैकेज यूक्रेन के पहले के हथियार अनुबंधों में की गई लागत बचत से वित्त पोषित है। सहायता की घोषणा तब हुई जब राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन के लिए समर्थन दिखाने के लिए व्हाइट हाउस में पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा और प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क की मेजबानी की। बैठक के बाद, टस्क ने संवाददाताओं से कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जॉनसन 'पहले से ही जानते हैं कि, उनके व्यक्तिगत निर्णय पर, लाखों लोगों का भाग्य निर्भर करता है'। पोलिश प्रधानमंत्री ने कहा, 'यह कोई राजनीतिक झड़प नहीं है जो केवल अमेरिका में ही मायने रखती है।' 'जॉनसन के इस सकारात्मक निर्णय की अनुपस्थिति वास्तव में (यूक्रेन में) हजारों लोगों की जान ले लेगी। बच्चे। महिलाएं। उन्हें अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी के बारे में पता होना चाहिए।' बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को डेनमार्क ने घोषणा की कि वह यूक्रेन को लगभग 33.6 करोड़ डॉलर का गोला-बारूद भेजेगा। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमर ज़ेलेंस्की ने पिछले महीने कहा था कि हथियारों की 'कृत्रिम कमी' के कारण देश ने हाल के महीनों में युद्ध में अपनी पकड़ खो दी है।



## एफआईएच विश्व रैंकिंग: भारतीय पुरुष हॉकी टीम चौथे, महिला टीम नौवें स्थान पर खिसकी

**नई दिल्ली ।** एफआईएच विश्व रैंकिंग में भारतीय पुरुष हॉकी टीम एक स्थान के नुकसान के साथ ही चौथे जबकि महिला टीम 9वें स्थान पर खिसक गयी है। जर्मनी की टीम ओलंपिक क्वालीफायर्स में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के 2761 रैंकिंग अंक हैं। उसने पिछले साल एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही पहले ही पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी जगह बना ली है। इस कारण उसे ओलंपिक क्वालीफायर्स में भाग नहीं लेना पड़ा। वहीं जर्मनी की टीम ओमान में खेले गए ओलंपिक क्वालीफायर्स में सभी मैच जीतकर 2786 अंक हासिल करने में सफल रही है। इससे वह विश्व रैंकिंग में भारतीय टीम से आगे हो गयी है। वहीं नीदरलैंड 3060 अंक लेकर नंबर एक पर बनी हुई है। बेल्जियम 2848 अंक लेकर दूसरे जबकि जर्मनी, भारत और ऑस्ट्रेलिया के 2757 अंक हैं। वहीं इंग्लैंड के 2720 अंक हैं और वह 5 वे स्थान पर है। अर्जेंटीना 2524 अंक और स्पेन 2296 अंक लेकर पहले की तरह ही 7वें और 8वें स्थान पर बने हुए हैं। फ्रांस के भी 2085 अंक हैं जबकि न्यूजीलैंड के 2025 अंक हैं। वहीं महिला वर्ग में भारतीय टीम 2215 अंक के साथ 9वें स्थान पर है। महिला वर्ग में नीदरलैंड 3422 लेकर नंबर एक पर है जबकि अर्जेंटीना 2827 अंक के साथ ही दूसरे नंबर पर है। जर्मनी 2732 अंक लेकर तीसरे नंबर पर है।

# बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने गाजियाबाद में क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास किया

**गाजियाबाद ।**

भविष्य में गाजियाबाद में भी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच खेले जाएंगे। इसके लिए यहां एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम भी बनाया जाएगा। इस स्टेडियम का शिलान्यास भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने किया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) द्वारा विकसित की जाने वाली एक परियोजना की आधारशिला भी रखी। स्टेडियम के निर्माण में देरी का कारण क्षेत्र में हाई टेंशन बिजली के तारों और खंभों को बताया गया है। शुक्ला ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में कोई स्टेडियम नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने इस पर नाराजगी जतायी कि जमीन खरीदने और रजिस्ट्री कराने के बाद भी विभाग ने दो बिजली लाइनें लगा दी गईं थीं। यह क्षेत्र उड़ान क्षेत्र में भी पड़ता है, इसलिए भारतीय वायुसेना से भी इस योजना की मंजूरी



देनी पड़ी। उन्होंने कहा कि मैं स्टेडियम के शिलान्यास पर यूपी के लोगों को बधाई देता हूं। साथ ही कहा कि इसका निर्माण शीघ्र ही पूरा हो जाएगा।

बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने कहा कि 450 करोड़ रुपए की परियोजना लागत वाला ये स्टेडियम 32 एकड़ क्षेत्र में बनाया जा रहा है। इसमें एक समय में 55,000 लोग बैठ सकेंगे। स्टेडियम का निर्माण अगले दो साल यानी 2026 तक पूरा होने की संभावना है। जरूरत और आधुनिकता को देखते हुए पिछले 9 साल में प्रोजेक्ट के बजट में करीब 25 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। प्रारंभ में, परियोजना की लागत 350 करोड़ रुपए तय की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 450 करोड़ रुपए कर दिया गया है।

### संक्षिप्त समाचार



## आईसीसी रैंकिंग : अश्विन एक बार फिर बने नंबर वन

**दुबई ।** भारतीय टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आईसीसी की ताजा गेंदबाजी रैंकिंग में एक बार फिर नंबर एक पर पहुंच गये हैं। अश्विन पहली बार दिसंबर 2015 में नंबर वन बने थे। अश्विन को इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में बेहतर प्रदर्शन का लाभ मिला है। अश्विन ने अंतिम टेस्ट में नौ विकेट लिए हैं। अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में पहली पारी में चार जबकि दूसरी में पांच विकेट लिए थे। इस मैच के साथ ही सीरीज में जीत से भारतीय टीम भी आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है। अश्विन के शीर्ष पर पहुंचने के साथ ही भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह दूसरे नंबर पर फिसल गये हैं। वहीं स्पिनर कुलदीप यादव अंतिम मैच में सात विकेट लेने के साथ ही 15 स्थान के लाभ के साथ ही 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजी की बात करें तो भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा पांच पायदान के लाभ के साथ ही छठे स्थान पर जबकि शुभमन गिल 11 स्थान के लाभ के साथ ही अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 20वें स्थान पर पहुंच गये हैं। दो दोहरे शतक लगाने वाले बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल दो पायदान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। सलामी बल्लेबाज, जायसवाल ने नौ टेस्ट के बाद 740 रेटिंग अंक हासिल किये हैं। इससे पहले केवल दो बल्लेबाजों ऑस्ट्रेलियाई डॉन ब्रैडमैन 752 और माइक हसी 741 को इतने रेटिंग अंक मिले थे। वहीं इंग्लैंड के बल्लेबाज जैक क्रॉली और जॉनी बेयरस्टो बल्लेबाजी रैंकिंग में एक-एक पायदान ऊपर आये हैं। ऑफ स्पिनर शोएब बशीर 11 पायदान आगे बढ़कर 71वें स्थान पर पहुंच गए हैं। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया ने क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड पर 2-0 से श्रृंखला जीतकर डब्ल्यूटीसी तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया।

## कनेरिया ने सीएए लागू होने पर खुशी जतायी

**लाहौर ।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने भारत सरकार के सीएए कानून को लागू करने का समर्थन किया है। इसके तहत पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आए अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता मिलने में आसानी होगी। कनेरिया ने कहा कि वह भी इससे काफी खुश हैं। कनेरिया ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद भी दिया है। भारत सरकार के इस कदम की तारीफ करते हुए इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, हर किसी को अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार है। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी को वह धन्यवाद देते हैं। कनेरिया ने कहा, यह अच्छी बात है, इससे सभी को लाभ होगा। मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने बहुत अच्छा कदम उठाया। यह अल्पसंख्यकों और हिंदुओं के लिए बहुत अच्छा कदम है। साथ ही कहा कि एक हिंदू और सनातनी होने के नाते, अपने लोगों के लिए आवाज उठाना मेरा कर्तव्य है। साथ ही कहा कि मेरा भगवान हनुमान और भगवान राम के साथ गहरा संबंध है।

# भारत पेरिस ओलंपिक में एक से अधिक भाला फेंक पदक जीत सकता है किशोर जेना

**चंडीगढ़,**

उभरते भाला फेंक स्टार किशोर कुमार जेना, जो मई में दोहा में डायमंड लीग से अपने आउटडोर सीज़न की शुरुआत करेंगे, ने कहा है कि वह नीरज चोपड़ा को प्रतिद्वंद्वी के रूप में नहीं देखते हैं। ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल अब 130 दिन से कुछ अधिक दूर हैं और जेना ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा के साथ इसे देश के लिए यादगार बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। जेना, जो वर्तमान में पटियाला में राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) में प्रशिक्षण ले रहे हैं, ने कहा, भारत पेरिस में एक से अधिक भाला फेंक पदक जीत सकता है। पिछले साल बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स मीट में नीरज चोपड़ा के साथ आमने-सामने होने के बाद से जेना सुर्खियां बटोर रहे हैं। एशियाई खेलों के इतिहास में पहली बार, चोपड़ा और किशोर कुमार जेना ने हांगझोउ 2023 में भाला फेंककर इसे एक-दो कर दिया। पेरिस के लिए क्वालीफाई करने के बाद, जेना को लगता है कि भाला फेंक में पदक की संभावनाएं केवल चोपड़ा तक ही सीमित नहीं हैं। नियम के अनुसार, भाला फेंक में एक देश से तीन खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। इससे पेरिस में अधिक पदक जीतने की संभावना बढ़ जाती है। जेना ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) से कहा, हम सभी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और अगर हम चोट मुक्त रह सकते हैं, तो भारत टोक्यो से बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। जेना, जो ओडिशा के पुरी जिले के एक किसान परिवार से आते हैं, पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में एक एक्सपोज़र ट्रिप के लिए गए थे, जहाँ उनके साथ लंबे समय के कोच समरजीत सिंह माल्ही भी थे। उन्होंने अपनी कोर और कंधे की ताकत को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की वेट ट्रेनिंग की। यह पूछे जाने पर कि वह दोहा प्रतियोगिता में क्या लक्ष्य हासिल करना चाहते हैं और अपने प्रतिद्वंद्वी नीरज चोपड़ा के बारे में क्या कहना चाहते हैं, जेना ने कहा, मैंने अब तक इसके (90 मीटर) बारे में नहीं सोचा है। मेरा लक्ष्य अपने परिणामों में सुधार करना और अपनी कमजोरियों पर काबू पाना है। मैं नीरज से सुझाव लेता रहता हूं, मैं उन्हें अपने प्रतिस्पर्धी के रूप में नहीं देखता. जब भी मुझे कोई समस्या आती है तो मैं उनकी सलाह लेता हूं क्योंकि वह उन सबसे अच्छे इंसानों में से एक हैं जिनसे मैं कभी मिला हूं. जब सही सुझाव देने की बात आती है तो वह पीछे नहीं हटते। हांगझो एशियाई खेलों के दौरान, चोपड़ा के लिए थोड़ा डर था क्योंकि अधिकारियों ने उनके पहले अच्छे




थ्रो पर विचार नहीं किया था। बाद में, जेना ने 87.54 मीटर का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चोपड़ा को अपना सब कुछ देने के लिए प्रेरित किया। ओलंपिक चैंपियन अंततः अपने स्वर्ण पदक की रक्षा के लिए 88.88 मीटर के विशाल थ्रो के साथ आए।

जेना को रजत पदक मिला और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने पेरिस 2024 के लिए क्वालीफाइंग मार्क हासिल किया। उस समय मुझे खुशी थी कि मैंने पेरिस 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

# वापसी को लेकर उत्साहित और घबराया हुआ हूं : ऋषभ

**नई दिल्ली ।**

आईपीएल से वापसी करने जा रहे आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कहा है कि उन्हें ऐसा लग रहा है जैसे वह पदार्पण करने जा रहे हों। वहीं इससे पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस बल्लेबाज को फिट करार देते हुए कहा कि वह आईपीएल खेल सकते हैं। साथ ही कहा कि उनकी टीम दिल्ली कैपिटल्स 23 मार्च को मोहाली में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। ऋषभ दिसंबर 2022 में एक कार हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गये थे। उसके बाद उन्हें सर्जरी से भी गुजरना पड़ा है। सवा साल बाद मैदान पर वापसी करने जा रहे इस क्रिकेटर ने कहा, मैं उत्साहित और घबराया हुआ हूं। ऐसा लग रहा है कि जैसे मैं फिर से पदार्पण करने जा रहा हूं।उन्हें चोट से उबरने के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में पुनर्वास और पुनर्प्राप्ति प्रक्रिया से भी गुजरना पड़ा है। इस क्रिकेटर ने कहा, मैं जो कुछ झेल चुका हूं उसके बाद फिर से क्रिकेट खेलने में सक्षम होना आसान नहीं है। मैं अपने सभी शुभचिंतकों और प्रशंसकों के साथ ही बीसीसीआई और एनसीए के कर्मचारियों का आभारी हूं। उनके प्यार और समर्थन से ही मुझे वापसी में सहायता मिली है। दिल्ली कैपिटल्स प्री-सीजन कैंप में शामिल होने पर इस क्रिकेटर ने कहा, मैं दिल्ली कैपिटल्स और आईपीएल में वापसी का बेसब्री से



इंतजार कर रहा हूं। ये एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसका मैं बहुत आनंद लेता हूं। हमारी टीम के मालिक और सहयोगी स्टाफ पूरे समर्थन के साथ मेरे साथ रहे हैं। हर कदम पर मार्गदर्शन और सहयोग मिला, जिसके लिए मैं उनका दिल से आभारी हूं। मैं अपने डीसी परिवार के साथ फिर से जुड़ने और प्रशंसकों के सामने फिर से खेलने का इंतजार नहीं कर सकता।

# अफगानिस्तान ने तीसरे एकदिवसीय में आयरलैंड को हराकर सीरीज जीती

**शारजाह ।**

अफगानिस्तान ने यहां हुए तीसरे एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में आयरलैंड को 117 रनों से हरा दिया। इसी के साथ ही अफगानिस्तान टीम ने सीरीज भी 2-0 से जीत ली है। इस सीरीज का एक मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया था। इस मैच में अफगान टीम की जीत में मोहम्मद नबी की अहम भूमिका रही। नबी ने कुल पांच विकेट लिए। इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड टीम ने अफगान टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। अफगानिस्तान की ओर से रहमानुल्लाह गुरबाज़ और इब्राहिम जादरान ने अच्छी शुरुआत की गुरबाज ने 51 रन जबकि जादरान ने 22 रन बनाये।




सलामी बल्लेबाजों के आउट होने के बाद शाहिदी ने 69 रन बनाकर पारी को संभाला। शाहिदी के बाद नबी ने 48 रन बनाये। इस प्रकार अफगान टीम ने नौ विकेट पर कुल 236 रन बनाये। वहीं आयरलैंड की ओर से मार्क अडायर ने तीन विकेट जबकि बैरी मैकार्थी ने 2 विकेट लिए। वहीं इसके अलावा थियो वान वोकोम, एंडी मैकब्राइन और हैरी टेक्टर ने एक-एक विकेट लिया। इसके बाद जीत के लिए मिले 237 रनों के लक्ष्य को हासिल करने में आयरिश टीम सफल नहीं रही। नबी के पांच विकेट और नांग्याल खरोती के चार विकेट की सहायता से अफगानिस्तान ने आयरिश टीम को 35 ओवर में ही 119 रनों पर आउट कर दिया।



## जोकोविच बीएनपी परिबास ओपन में उलटफेर का शिकार हुए , लुका नार्डी ने हराया

### महिला वर्ग में गॉफ ,सबालेंका जीती

**इंडियन वेल्स ।** सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच यहां जारी बीएनपी परिबास ओपन टेनिस में उलटफेर का शिकार हुए हैं। युवा खिलाड़ी लुका नार्डी ने जोकोविच को तीसरे दौर में ही तीन सेट तक चले मुकाबले में 6-4, 3-6, 6-3 से हरा दिया। नार्डी ने ऐसे के साथ जीत हासिल की। नार्डी को मुख्य ड्रॉ में विश्व के 30वें नंबर के खिलाड़ी टॉमस मार्टिन एचवेरी की जगह शामिल किया गया था। उन्हें पहले दौर में बाई मिली थी। नार्डी अब ग्रैंडस्लैम या एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर के टूर्नामेंट में जोकोविच को हराने वाले सबसे अधिक रैंकिंग वाले खिलाड़ी बन गये हैं। इससे पहले साल 2008 में विश्व के 122वें नंबर के खिलाड़ी केविन एंडरसन ने जोकोविच को हराया था। वहीं महिला एकल में कोको गॉफ ने लूसिया ब्रोनजेटी को सीधे सेट में 6-2, 7-6 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। गॉफ ने इस प्रकार 11 में से 10 ब्रेक अंक बचाये हैं। वहीं एक अन्य मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एरिना सबालेंका ने ब्रिटेन की ऐमा राडुकानु को 6-3, 7-5 से हराकर अगले दौर में जगह बनायी। वहीं पुरुष वर्ग में सातवें वरीयता प्राप्त होल्गर रूने ने लोरेंजो मुसेटी को 6-2, 7-6 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। उन्हें पहले दौर में बाई मिली थी और दूसरे दौर में चोट के कारण मिलोस राओनिक के हटने पर उन्हें तीसरे दौर में प्रवेश मिला।

# ऋषभ आने वाले समय में देश को गौरव बढ़ाएगा : धवन

### सकारात्मक रवैये और कड़ी मेहनत से ही वापसी संभव हुई

**नई दिल्ली ।**

अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने कहा है कि आने वाले समय में आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत देश का नाम रौशन करेंगे। धवन ने कहा कि भीषण कार हादसे से उबरकर जिस प्रकार से ऋषभ ने फिटनेस हासिल की है। उससे उसके सकारात्मक रवैए का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसी कारण अब वह आईपीएल से मैदान पर वापसी कर रहा है। धवन ने कहा कि कार हादसे के बाद हुई सर्जरी के कारण उसे इतना दर्द था कि वह कुछ महीनों तक कुछ नहीं कर पाता था। इसके बाद भी उन मुश्किल दिनों में उसने काफी धैर्य बनाये रखा। इसके साथ ही सकारात्मकता और सहनशीलता दिखाई जिससे आज वह ठीक हो पाया है। उन्होंने कहा कि इससे निश्चित तौर पर उसे ताकत मिली और मुझे पूरा भरोसा है कि वह चलकर देश का नाम और रोशन करेगा। साथ ही कहा कि मैं इस युवा की वापसी से बेहद खुश हूं और उसे खेलते हुए देखना चाहता हूं।

भगवान की कृपा से वह इतनी बड़ी दुर्घटना से उबरने में सफल रहा। इसके साथ ही उसने कड़ी मेहनत की और सकारात्मक रवैया अपनाये रखा। इस युवा को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग के लिए फिट घोषित कर दिया गया है, जिसमें वह दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेगा। चोटिल होने के कारण वह दिसंबर 2022 से ही मैदान से बाहर था।


साथ ही कहा कि उसके यह आईपीएल बेहद खास रहेगा क्योंकि इसमें प्रदर्शन के आधार




पर ही बीसीसीआई आगामी टी20 विश्व कप के लिए उसे टीम में जगह देने पर फैसला कर सकता है। टी20 विश्व कप में विकेटकीपिंग के लिए केएल राहुल, ईशान किशन, संजू सैमसन भी दावेदार हैं पर इसके बाद भी ये बल्लेबाज दावेदारी में पीछे नहीं है।

## टी20 विश्वकप के लिए विराट की जगह किसी युवा को मिल सकता है अवसर

**मुम्बई ।** अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले विश्वकप में शायद ही खेल पायें। एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई विश्वकप के लिए टीम सदस्यों की जो पहली सूची भेजने जा रही है उसमें विराट का नाम नहीं है। प्रत्येक विश्व कप से पहले सभी प्रत्येक क्रिकेट बोर्डों को टीम सदस्यों की एक सूची आईसीसी को देनी होती है जिसमें काफी कम बदलाव होता है। ऐसे में अगर विराट का नाम इस लिस्ट में नहीं हुआ तो उनके लिए अंतिम सूची में जगह बनाना कठिन हो जाएगा। टी20 विश्व कप 2 से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। इसमें विराट की जगह किसी युवा खिलाड़ी को अवसर मिल सकता है। टी20 क्रिकेट विश्व कप में भारतीय टीम की कप्तानी रोहित शर्मा करेंगे। रिपोर्ट के अनुसार चयनकर्ताओं का मानना है कि कोहली टी20 में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं , ऐसे में उन्हें शामिल किया जाना ठीक नहीं रहेगा हालांकि अगर कोहली आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन करते हैं तो उनके नाम पर विचार हो सकता है। वह वैसे भी पिछले कुछ समय से खेल से दूर हैं। विराट निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज से भी बाहर रहे हैं। ऐसे में उनकी वापसी आईपीएल में उनके प्रदर्शन के आधार पर ही होगी। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने भी विराट से बात की है। माना जा रहा है कि विराट की जगह पर बोर्ड किसी युवा खिलाड़ी को अवसर देना चाहता है।




## धर्मशाला टेस्ट में बेयरस्टो की शुभमन से बहस मेरे कारण हुई: एंडरसन

**मुम्बई ।** इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जिम्मी एंडरसन ने कहा है कि धर्मशाला टेस्ट के दौरान जॉनी बेयरस्टो की भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल से बहस हुई थी। साथ ही कहा कि इसका कारण मैं था। इसका कारण ये है कि शुभमन ने उन्हें रिटायर होने के लिए कह दिया था। इसपर बेयरस्टो नाराज हो गये थे। एंडरसन ने माना कि पहले उन्होंने बहस शुरू की थी। एंडरसन ने टेस्ट सीरीज के दौरान ही अपने 700 विकेट भी पूरे किये हैं। इंग्लैंड की टीम को इस सीरीज में 1-4 से हार का सामना करना पड़ा था। एंडरसन ने कहा कि मैंने उनसे कुछ ऐसा कहा कि क्या आप भारत के बाहर कोई रन बनाते हैं? और उन्होंने मुझसे कहा कि यह संन्यास लेने का समय है। फिर दो गेंद बाद मैंने उसे आउट कर दिया। बता दें कि टेस्ट फॉर्मेट में शुभमन की भारत में औसत 40 जबकि विदेशों में केवल 30 है। बेयरस्टो ने सबसे पहले शुभमन से पूछा था कि आपने एंडरसन से रिटायर होने के बारे में क्या कहा? इस पर शुभमन ने कहा, मैंने उनसे कहा कि उन्हें संन्यास ले लेना चाहिए। इसपर बेयरस्टो ने भी शुभमन से कहा कि सीरीज में वह अधिक शतक नहीं लगा पाये।



# डॉक्टरों और हेल्थकेयर से जुड़े लोगों को उपहार और फ्री सैंपल देने पर लगेगी रोक

## - सरकार ने फार्मा मार्केटिंग प्रैक्टिस को लेकर नोटिफाई किया यूनिफॉर्म कोड

**नई दिल्ली ।** फार्मा सेक्टर में दवाओं और फार्मा उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए कई कंपनियां डॉक्टरों और हेल्थकेयर से जुड़े लोगों को उपहार और अन्य सुविधाएं देती आ रही थी। सरकार ने अब इस पर रोक लगा दी है। सरकार ने फार्मा मार्केटिंग प्रैक्टिस को लेकर यूनिफॉर्म कोड यानि यूसीपीएमपी 2024 को नोटिफाई कर दिया है। इस कोड में मार्केटिंग से जुड़ी गतिविधियों के मद्देनजर कंपनियों, डॉक्टरों, हेल्थकेयर से जुड़े लोगों के लिए क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए, के बारे में पूरी जानकारी दी गई है। हाल ही में जारी इस दिशानिर्देश में कंपनियों को विदेशों में चिकित्सा शिक्षा कार्यशालाएं आयोजित करने से रोक लगाई गई है। इसी के साथ कंपनियों को अपनी वेबसाइट पर ऐसी कार्यशालाओं के बारे में पूरा विवरण भी बताना होगा, जिसमें उनके द्वारा किए गए खर्च का ब्यौरा शामिल है। कंपनियां स्वतंत्र या जोखिम-आधारित ऑडिट के अधीन हो सकती हैं। कोड में ये बताया गया है कि इन गाइडलाइन्स का पालन करने के लिए फार्मा कंपनी के सीईओ जिम्मेदार होंगे और हर वित्त वर्ष के खत्म होने पर दो महीने के भीतर फार्मा कंपनी के कार्यकारी द्वारा एसोसिएशन को इसे लेकर सेल्फ डिक्लरेशन दी जाएगी। इस डिक्लेरेशन को एसोसिएशन की वेबसाइट या फिर सीधे यूसीपीएमपी पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। कोड के अनुसार, फार्मा कंपनियों या उनके प्रतिनिधि हेल्थकेयर प्रोफेशनल या उनके परिवार के सदस्यों को देश में या बाहर घूमने की सुविधाएं ऑफर नहीं कर सकते। इसके अलावा हेल्थ प्रोफेशनल या उनके परिवार के सदस्यों को कैश आदि भी नहीं दिया जा सकता। कंपनियां अगर डॉक्टरों को फ्री सैंपल दे रही हैं तो उन्हें इसका पूरा रिकॉर्ड रखना होगा। साथ ही कंपनियां सालाना घरेलू बिक्री का 2 फीसदी से ज्यादा फ्री सैंपल के रूप में नहीं बांट सकती है।

# मारुति रेलवे के जरिये सालाना 3,00,000 कारों की ढुलाई कर सकेगी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों हंसलपुर संयंत्र में भारत की पहली इन-प्लांट ऑटोमोबाइल रेलवे साइडिंग का उदघाटन किया। इसकी बदौलत मारुति रेलवे के जरिये सालाना 3,00,000 कारों की ढुलाई कर सकेगी। इस पूरी परियोजना की लागत 1,081 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से कहें तो भले ही हमें इस परियोजना के कारण कुछ न बच रहा हो, लेकिन फिर भी हमें काफी खुशी होगी क्योंकि इससे हमें बड़ा पैमाना मिल रहा है। यह कारों की ढुलाई का बहुत ही सुरक्षित, कुशल और स्वच्छ तरीका है। अगर रेल का बुनियादी ढांचा नहीं होता तो हमें क्षमता संबंधी बाधा झेलनी पड़ती। वित्तीय बचत के बिना भी यह कारों के परिवहन का बेहतर तरीका है। इस नई लाइन का परिचालन साल 2026-27 से शुरू होगा। साल 2023-24 के पहले 11 महीने के दौरान मारुति ने रेलवे के जरिये 4,09,000 गाड़ियों की ढुलाई की थी जबकि शेष गाड़ियां सड़क मार्ग से भेजी गई थीं। नई लाइन के कारण इसमें काफी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा` कि एक रेक (ट्रेन) 270 से 300 कारें ले जाती है और इसलिए यह 40 ट्रकों का स्थान ले लेती है। इसलिए नई रेलवे साइडिंग के कारण लगभग 50,000 ट्रकों के फेरे कम हो जाएंगे जिससे हमें 3.5 करोड़ लीटर जीवाश्म ईंधन बचाने में मदद मिलेगी।

# गूगल ने झूठी सूचना के प्रसार को रोकने निर्वाचन आयोग से किया समझौता

**नई दिल्ली ।** अल्फाबेट इंक के स्वामित्व वाली कंपनी गूगल ने आगामी चुनाव के दौरान झूठी सूचना के प्रसार को रोकने के लिए निर्वाचन आयोग से समझौता किया है। गूगल इंडिया ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा कि इसके उत्पाद चुनाव से जुड़े विभिन्न विषयों पर आधिकारिक सूचना बढ़ाने की विशेषताओं से लैस किये गए हैं। गूगल ने कहा कि हम मतदान के बारे में गूगल सर्च पर अंग्रेजी और हिंदी में महत्वपूर्ण जानकारी ढूंढने में लोगों की सहायता के लिए सहयोग कर रहे हैं। इन जानकारियों में पंजीकरण कैसे करें और मतदान कैसे करें शामिल हैं। अधिक संख्या में लोगों के कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल करने के विषय पर गूगल ने कहा कि यह ऐसी प्रक्रियाएं तैयार कर रही है जो उपयोगकर्ताओं को कृत्रिम मेधा सामग्री की पहचान करने में मदद करेगी। इसने कहा कि अधिक विज्ञापनदाताओं द्वारा एआई की शक्ति और अवसर का लाभ उठाये जाने पर हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हम अधिक पारदर्शिता और विषय पर सभी जानकारियों के साथ लोगों को निर्णय लेने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक जानकारी देते रहें। गूगल ने कहा कि हमारी विज्ञापन नीतियां पहले से ही




गुमराह करने वाली डीपफेक या छेड़छाड़ की गई सामग्री के उपयोग को निषिद्ध करती हैं। गूगल ने इस बारे में कड़ी नीतियां एवं पाबंदियां निर्धारित की हैं कि चुनाव संबंधित विज्ञापन उसके मंचों पर कौन जारी कर सकता है। इनमें निर्वाचन आयोग द्वारा पहचान का सत्यापन, प्रमाणन और अधिकृत किया जाना शामिल है।

## फरवरी में खुदरा महंगाई 5.09 प्रतिशत रही

**नई दिल्ली ।** उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) द्वारा आधारित खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी, 2024 में मामूली घटकर 5.09 प्रतिशत पर आ गई जबकि इससे पिछले महीने में यह 5.10 प्रतिशत रही थी। पिछले साल फरवरी में खुदरा महंगाई दर 6.44 प्रतिशत थी। एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक खुदरा महंगाई दर फरवरी में पिछले महीने की तुलना में लगभग स्थिर 5.09 फीसदी पर रही। सीपीआई आधारित खुदरा महंगाई जनवरी में 5.1 फीसदी और एक साल पहले की समान अवधि में फरवरी 2023 में यह 6.44 फीसदी थी। फरवरी में फूड बॉस्केट में खुदरा महंगाई 8.66 फीसदी थी, जो पिछले महीने के 8.3 फीसदी से मामूली ज्यादा थी। सरकार ने रिजर्व बैंक को मंहगाई को दो फीसदी घटबढ़ के साथ चार फीसदी के दायरे में रखने की जिम्मेदारी सौंपी है। पिछले महीने केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सीपीआई आधारित महंगाई 5.4 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था और जनवरी-मार्च तिमाही में 5 फीसदी दर्ज किया गया था।



# शेयर बाजार भारी गिरावट पर बंद, सेंसेक्स 906 अंक नीचे आया

## निफ्टी 21,997.70 के स्तर पर फिसला

**मुम्बई ।** घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को भारी गिरावट दर्ज की गयी। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी बिकवाली हावी होने से बाजार टूटा। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 906.07 करीब 1.23 फीसदी की गिरावट के साथ ही 72,761.89 और निफ्टी में भी 1.51 फीसदी तकरीबन 338.00 अंकों की गिरावट रही और ये 21,997.70 के स्तर पर बंद हुआ।

स्मॉलकैप इंडेक्स में भी आज 2200 अंक से ज्यादा की गिरावट रही और ये 40,550 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं मिडकैप में 1,800 से ज्यादा अंकों की गिरावट दर्ज की गयी। ये 37,420 के स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में गिरावट रही। जेट एयरवेज के शेयर में आज लगातार दूसरे दिन 5 फीसदी की बढ़त रही।

वहीं बीएसई स्मॉलकैप के शेयरों में आज 5 फीसदी से अधिक की गिरावट देखने में आई है। मिड-कैप और स्मॉल-कैप सूचकांकों में आज इसलिए दबाव रहा क्योंक बाजार नियामक एजेंसी सेबी अध्यक्ष ने छोटे और मध्यम आकार की कंपनियों के शेयरों की ऊंची कीमतों को सही नहीं बताया था। उन्होंने कहा सेंसेक्स के 30 शेयरों में से आज पावर ग्रिड के शेयरों में सबसे ज्यादा 7 फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज की गयी। इसके अलावा, एनटीपीसी, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, भारती




एयरटेल, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर भी गिरे हैं। वहीं दूसरी ओर आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, नेस्ले, बजाज फाइनेंस और एचडीएफसी बैंक के शेयर ऊपर आये हैं। वहीं गत दिवस बढ़त पर बंद हुआ था। इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों की वजह से बाजार बढ़त के साथ खुले। सेंसेक्स 247.61 अंक तेज होकर 73,915.57 पर और निफ्टी 61.70 अंक ऊपर 22,397.40 पर कारोबार कर रहा था। इसके कुछ समय बाद ही बाजार में गिरावट आने लगी जो अंत तक बनी रही।

# पांच साल में भारत डेकाथलॉन के पांच वैश्विक बाजारों में शामिल होगा

## - डेकाथलॉन भारत में हर साल 10 नए स्टोर खोलेगी

**पेरिस ।** फ्रांस की खेल क्षेत्र की रिटेलर डेकाथलॉन ने कहा कि उसके लिए भारत एक बड़ी प्राथमिकता वाला बाजार है। स्टोर नेटवर्क के विस्तार और स्थानीय सोर्सिंग बढ़ने के साथ अगले पांच साल में भारत उसके शीर्ष पांच वैश्विक बाजारों में शामिल होगा। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही है। कंपनी के एक मुख्य रिटेल एंड कंट्रीज ऑफिसर ने कहा कि डेकाथलॉन अपनी वृद्धि की योजनाओं के तहत भारत में हर साल 10 नए स्टोर खोलेगी। नए स्टोर 1,000 से 2,000 वर्ग मीटर के बीच के छोटे स्टोर हो सकते हैं। इसके अलावा ये 4,000 वर्ग मीटर में फैले बड़े स्टोर भी हो सकते हैं। साथ ही कंपनी का इरादा ऑनलाइन बिक्री में तेजी लाने और अगले पांच साल में स्थानीय सोर्सिंग को मौजूदा के औसतन 60 प्रतिशत बढ़ाकर 90 प्रतिशत करने का है। इस कदम से डेकाथलॉन को तेजी से बढ़ते भारतीय खेल और एथलेजर खंड में अधिक प्रतिस्पर्धी बनने में मदद मिलेगी और इसकी भारतीय विनिर्माण सुविधा से वैश्विक बाजारों में निर्यात बढ़ेगा। उन्होंने यहां डेकाथलॉन के वैश्विक कार्यक्रम में कहा कि भारत हमारे लिए शीर्ष प्राथमिकता है। हमारे पास पांच देश हैं, जिन्हें हम लंबी छलांग वाला देश कहते हैं। भारत उनमें से एक है। डेकाथलॉन के लिए भारत पहले से राजस्व के मामले में वैश्विक स्तर पर शीर्ष 10 बाजारों में है। हम इसे शीर्ष पांच में लाना चाहते हैं। यह अगले पांच साल में होगा। डेकाथलॉन इंडिया का कारोबार 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्त वर्ष में 37 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 3,995 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि हम हर साल 10 स्टोर खोलना चाहते हैं। इस समय हम अपनी ऑनलाइन उपस्थिति बढ़ा रहे हैं। हम डिजिटल रूप से खुद को स्थापित कर रहे हैं। हम बड़े फॉर्मेट स्टोर के साथ बड़े शहरों में छोटे स्टोर पर भी काम कर रहे हैं।

# फ्लिपकार्ट भी बड़े शहरों में बनाएगी हजारों डार्क स्टोर

## - कंपनी स्टोर स्थापित करने उद्यमियों एवं किराना दुकानों से कर रही है बात




**नई दिल्ली ।** ई-कॉमर्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी फ्लिपकार्ट देश के बड़े शहरों में हजारों डार्क स्टोर स्थापित की तैयारी में है। सूत्रों के अनुसार वॉलमार्ट नियंत्रित फ्लिपकार्ट अगले कुछ महीनों में लोगों का ऑर्डर किया सामान जल्दी से जल्दी पहुंचाने की तैयारी कर रही है। ई-कॉमर्स क्षेत्र में डार्क स्टोर उन किराना स्टोर को कहा जाता है, जो ऑर्डर मिलने के बाद झट से सामान ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए खोले जाते हैं। कंपनी ऐसे स्टोर स्थापित करने के लिए विभिन्न उद्यमियों एवं किराना दुकानों से बात कर रही है। मगर कंपनी इन डार्क स्टोर पर मालिकाना नियंत्रण नहीं रखेगी। कंपनी के इस कदम से बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर भी मिल सकते हैं। एक सूत्र ने कहा कि इन दिनों सभी का जोर ग्राहकों के ऑर्डर जल्द से जल्द पहुंचाने पर है। फ्लिपकार्ट को मालूम है कि बाजार में अपनी पकड़ मजबूत रखने के लिए उसे समय के साथ अपनी तैयारी भी दुरुस्त रखनी होगी। ग्राहकों तक कम से कम समय में ऑर्डर पहुंचाना कंपनी की इसी रणनीति का हिस्सा है। कंपनी के पास ऐसे ऑर्डर बड़ी संख्या में आ रहे हैं, जिनमें ग्राहक मनमाफिक सामान कम से कम समय में पाना चाहते हैं। ऐसे ऑर्डर फल-सब्जियों एवं अनाज ही नहीं बल्कि सौंदर्य प्रसाधन, इलेक्ट्रॉनिक्स, घर सजाने के सामान और वेलनेस की चीजों के लिए भी आ रहे हैं क्योंकि लोग अब ज्यादा इंतजार नहीं करना चाहते। फ्लिपकार्ट ने हाल में अपनी मूल कंपनी वॉलमार्ट एवं दूसरे निवेशकों से 60 करोड़ डॉलर रकम जुटाई थी। सूत्रों का कहना है कि कंपनी कुल 1 अरब डॉलर जुटाने के लिए निवेशकों से बातचीत कर रही है। पिछले कुछ महीनों के दौरान आपूर्ति क्षमता बढ़ाने और 20 शहरों में ऑर्डर मिलते ही उसी दिन सामान पहुंचाने जैसी सुविधाओं पर बड़े निवेश किए हैं।

## बड़ी कंपनियों के लिए प्रतिस्पर्धा नियमन का सुझाव

**नई दिल्ली।** सरकार की एक समिति ने बड़े डिजिटल उद्यमों के लिए नियमन का प्रस्ताव दिया है। इसका उददेश्य इन क्षेत्रों में किसी भी संभावित प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों पर रोक लगाना है। डिजिटल प्रतिस्पर्धा कानून पर समिति (सीडीसीएल) ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट और नियमों का मसौदा जारी किया। इस पर सार्वजनिक टिप्पणियां मांगी गई हैं। समिति का गठन पिछले साल फरवरी में किया गया था। उससे पहले, संसद की समिति ने डिजिटल बाजारों में प्रतिस्पर्धा-रोधी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए एक नया डिजिटल प्रतिस्पर्धा कानून बनाने का प्रस्ताव किया था, जिसके बाद समिति का गठन किया गया। समिति ने अन्य बातों के अलावा, नियमन के मसौदे के तहत दायित्वों के लिए सिद्धांत-आधारित रूपरेखा का सुझाव दिया है। बाजार के जानकारों का कहना है कि समिति ने बड़े डिजिटल उद्यम यानी तकनीकी क्षेत्र की बड़ी कंपनियों के बाजार में उनकी गतिविधियों की सक्रिय निगरानी के लिए नियमों की सिफारिश की है।

## जनवरी में भारत का औद्योगिक उत्पादन 3.8 फीसदी बढ़ा



**नई दिल्ली ।** भारत के लिए अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर एक राहत भरी खबर आई है। साल 2024 के पहले महीने जनवरी में भारत का औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) पिछले साल के मुकाबले 2 फीसदी घटकर 3.8 फीसदी हो गया है। गौरतलब है कि पिछले साल की समान अवधि जनवरी 2023 में यह 5.8 फीसदी था। बता दें कि आईआईपी वह डेटा होता है जिसके जरिये औद्योगिक उत्पादन मापा जाता है। एनएसओ के डेटा से पता चलता है कि पिछले साल के मुकाबले मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में भी गिरावट आई है। पिछले साल जनवरी में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का ऑउटपुट 4.5 फीसदी था, जो जनवरी 2024 में घटकर 3.2 फीसदी हो गया है। जनवरी 2024 में खे निज उत्पादन 5.9 फीसदी बढ़ा। पिछले साल के मुकाबले इसमें 3.1 फीसदी की कमी आई है। जनवरी 2023 में खे निज उत्पादन 9 फीसदी पर था। डेटा से पता चलता है कि पावर ऑउटपुट 5.6 फीसदी बढ़ा है। जबकि पिछले साल की समान अवधि में इलेक्ट्रिसिटी ऑउटपुट 12.7 फीसदी था।

# पेटीएम एनएचएआई की सूची से बाहर

## एनएचएआई की संशोधित सूची में 39 बैंकों के नाम शामिल




**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से पेटीएम पर लगाई गई रोक के बाद अब नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने फास्टैग जारी करने वाले बैंकों की लिस्ट को रिवाइज कर दिया है। एनएचएआई द्वारा जारी की गई फास्टैग इश्यू करने वालों की सूची में पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड का नाम नहीं है। ग्राहक अब पेटीएम से फास्टैग नहीं ले पाएंगे। एनएचएआई की संशो धित सूची में केवल 39 बैंकों के नाम शामिल किए गए हैं, जिनसे फास्टैग लिया जा सकता है। इस सूची में ऑथराइज्ड बैंक और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के नाम हैं। अब फास्टैग इन बैंकों से ले सकेंगे- एयरटेल पेमेंट्स बैंक, एक्सिस बैंक लिमिटेड, बंधन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, इंडसइंड बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, यस बैंक जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। एनबीएफसी की सूची में- इलाहाबाद बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, सिटी यूनियन बैंक लिमिटेड, कॉसमॉस बैंक, इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक, फेडरल बैंक, फिनो पेमेंट बैंक, इंडियन बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, डोंबिवली नगरी सहकारी बैंक, जेएंडके बैंक, कर्नाटक बैंक, करूर वैश्य बैंक, लिवक्विक टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, नागपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, पंजाब महाराष्ट्र बैंक, सारस्वत बैंक, साउथ इंडियन बैंक, सिंडिकेट बैंक, द जलगांव पीपुल्स कंपनी -ऑप बैंक, त्रिशूर जिला सहकारी बैंक और यूको बैंक आदि एनबीएफसीएस शामिल हैं।



## डाबोलिन हवाई अड्डा से उड़ानों का परिचालन जारी रहेगा: अधिकारी


**पणजी ।** डाबोलिम स्थित गोवा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (जीआईए) के प्रबंधन का कहना है कि इस हवाई अडडे को अभी बंद नहीं किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि इस हवाई अड्डे से उड़ानों का परिचालन जारी रहेगा। इन खबरों के बीच कि एक निजी एयरलाइन अपना परिचालन दक्षिण गोवा जिले में डाबोलिम स्थित हवाई अड्डे से उत्तरी गोवा जिले के मोपा में मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एमआईए) में स्थानांतरित कर रही है, विपक्षी कांग्रेस और गोवा फॉरवर्ड पार्टी (जीएफपी) ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। हाल में गोवा विधानसभा सत्र के दौरान विपक्षी दलों ने दावा किया था कि जीआईए में महंगी परिचालन लागत के कारण उड़ान परिचालन को एमआईए में स्थानांतरित करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। जीआईए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि डाबोलिम हवाई अड्डे का विकास जारी रहेगा क्योंकि इसमें अच्छी संभावनाएं हैं। दक्षिण गोवा में वास्को शहर के पास स्थित जीआईए नौसेना के आईएनएस हंसा बेस का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह कहना गलत है कि डाबोलिम हवाई अड्डे पर परिचालन लागत अधिक है। यह एक गलत धारणा है। उन्होंने कहा कि डाबोलिम हवाई अड्डे को बचाने के नाम पर कुछ लोग गलत जानकारी फैला रहे हैं जिससे इसकी संभावनाएं प्रभावित होंगी। उन्होंने कहा कि डाबोलिम हवाई अड्डे पर उपयोगकर्ता विकास शुल्क एमआईए की तुलना में कम है और इसकी परिचालन लागत भी कम है।

## जेजी केमिकल्स का शेयर पांच फीसदी गिरकर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली ।** जेजी केमिकल्स लिमिटेड का शेयर बुधवार को अपने 221 रुपये के निर्गम मूल्य पर पांच प्रतिशत से अधिक गिरकर सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर निर्गम मूल्य पर 4.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 211 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 11.26 प्रतिशत गिरकर 196.10 रुपये पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी का शेयर 5.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 209 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 772.16 करोड़ रुपये रहा। जेजी केमिकल्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को गुरुवार को बोली के आखिरी दिन 27.78 गुना अभिदान मिला था। कंपनी के 251.2 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 210-221 रुपये प्रति शेयर था। जिंक ऑक्साइड विनिर्माता के आईपीओ में 165 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए थे। इसमें 39 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी शामिल है।

## भारतीय उच्चायोग सिंगापुर से भारत में अधिक निवेश लाने कर रहा कामः अंबुले

**सिंगापुर ।** भारतीय उच्चायुक्त शिल्पक अंबुले ने कहा कि भारतीय उच्चायोग सिंगापुर से भारत में अधिक से अधिक निवेश के लिए काम कर रहा है। अंबुले ने कहा कि भारत के बुनियादी ढांचा, नवीकरणीय ऊर्जा और आधुनिक प्रौद्योगिकी क्षेत्र ने आक्रामक तरीके से बढ़ गया है, ऐसे में हम भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में अधिक से अधिक निवेश लाने के प्रयास में हैं। उच्चायुक्त ने वृद्धि को गति देने वाले तीन कारकों का उल्लेख करते हुए कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा के विकास के साथ भारत के लिए यह हरित वृद्धि होगी। इसके अलावा आर्थिक गतिविधियों के सुगम प्रवाह के लिए डिजिटल ढांचा बनाया गया है। साथ ही भारत की सतत वृद्धि भी एक कारक है जिसकी वजह से उसे निवेश मिलेगा। उच्चायुक्त ने मंगलवार देर शाम यहां 2024 बजट विश्लेषण-सिंगापुर और भारत कार्यक्रम में कहा कि हम सिंगापुर से भारत में अधिक निवेश लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने भारत की विकास गाथा को आगे बढ़ाने वाली आर्थिक गतिविधियों की विस्तृत श्रृंखला पर भी प्रकाश डाला। इसमें युवाओं को कुशल बनाने का प्रयास, सेमीकंडक्टर जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों का विकास, ग्रामीण अर्थव्यवस्था का विकास और महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रयास शामिल है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी,** आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in